माघ कृष्ण पक्ष-9, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 287 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
03 अप्रैल 2024 बुधवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# संजय की जमानत में कई शर्तें जुड़ीं केजरीवाल का वजन तेजी से घटा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई की प्रोसेस आज शुरू हो गई है,दोपहर तक वे जेल से बाहर आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट से बेल ऑर्डर ट्रायल कोर्ट राउज एवेन्यू पहुंच गया। हालांकि वहां सुनवाई के बाद जमानत की शर्तें तय की गई हैं। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे, वे दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे और जाना हुआ तो जानकारी देनी होगी, उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा, उनकी लोकेशन पर नजर रखी जाएगी तथा वे केस को लेकर कोई टिप्पणी या बयान नहीं दे सकेंगे।



## केजरीवाल की तबीयत बिगडी

उधर तिहाड़ जेल में बंद शुगर पीडित् अरविंद केजरीवाल की तबीयत बिगड़ने की खबर है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल का वजन करीब साढे चार किलो घट गया है तथा सीएम के घटते वजन पर डॉक्टर्स ने चिंता जताई है। हालांकि, तिहाड़ जेल प्रशासन के मुताबिक केजरीवाल बिलकुल ठीक हैं। जेल के डॉक्टरों ने ऐसी कोई चिंता जाहिर नहीं की है। जेल प्रशासन ने उनके बिस्तर पर मच्छरदानी भी लगा दी है।



# ताइवान में जबर्दस्त भूकंप, फिलीपींस व जापान तक सुनामी की आशंका

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज सुबह ताइवान में भूकंप के बाद हालात बेहद खराब हो गए हैं। भूकंप ने राजधानी ताइपे को हिलाकर रख दिया है। 7.2 तीव्रता के भूकंप के कारण वहां बड़े स्तर पर तबाही देखी गई है। भूकंप के कारण कई ऊंची-ऊंची इमारतें ढह गई हैं। कई लोगों की मौत की आशंका है। बिजली सप्लाई बाधित है, देशभर में ट्रेन सेवाएं सस्पेंड कर दी गई हैं। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा इसी से लग रहा है कि जापान के दो द्वीपों पर सुनामी तक आ गई। ताइवान के हुआलियन से भूकंप की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जिनमें इमारतों को ढहते देखा जा सकता है। घर और इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गई हैं. भूकंप की वजह से ताइवान में भारी तबाही हुई है। भूकंप के चलते फिलीपींस में भी सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। ताइवान में स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को कामकाज बंद करने का विकल्प दिया गया है। भूकंप के कारण कई ऐतिहासिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंचा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप से ताइवान में द्वितीय विश्वयुद्ध से पहले बना एक स्कूल भी क्षतिग्रस्त हुआ है।



जापान ने उड़ान सेवाओं को सस्पेंड कर दिया है। सुनामी संभावित इलाकों की ओर जाने वाली उड़ान सेवाओं को डाइवर्ट कर दिया गया है। ताइवान में आए इस भीषण भूकंप से प्रभावित क्षेत्रों में सेना की तैनाती की जा रही है. लोगों के इमारतों में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

## नड्डा, यादव व शिवराज सक्रिय, वीडी का स्मृति संग रोड-शो..

# पर्चा व प्रचार के साथ सुलह के प्रयास भी चल रहे साथ-साथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज लोकसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण के चुनाव क्षेत्रो में नामांकन दाखिल करने का जोर हैं। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल समेत प्रदेश की सात सीटों पर कल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच और आठ अप्रैल तक नामांकन वापसी का समय है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। पहले व दूसरे चरण के चुनाव क्षेत्रों में पर्चा व प्रचार के साथ ही भाजपा व कांग्रेस बागी उम्मीदवारों से भी परेशान हैं और इस मोर्चे पर भी डैमेज कंट्रोल के प्रयास चल रहे हैं। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर से उज्जैन पहुंचे हैं। नड्डा और मुख्यमंत्री जबलपुर से इंदौर होते हुए उज्जैन आये। उज्जैन पहुंचने के बाद दोनों नेता बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सीट से प्रत्याशी वीडी शर्मा आज नामांकन दाखिल करेंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शर्मा का नामांकन भरवाएंगी। पन्ना में भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन जमा करने से पहले शर्मा ने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व मंत्री कुसुम मेहदेले के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और जीत का आशीर्वाद लिया। इधर दोपहर में मुख्यमंत्री यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सतना में बीजेपी प्रत्याशी गणेश सिंह का पर्चा भरवाएंगे। वे पन्ना भी पहुंचेंगे।







**दूसरी तरफ** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह और विवेक तन्खा और अरुण यादव समेत अन्य नेता आज होशंगाबाद, टीकमगढ़ और बैतूल में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कराने निकले हैं।

## वायनाड में राहुल ने पर्चा भरा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज वायनाड में रोड शो पर निकले और लोकसभा चुनाव के लिये दूसरी बार यहां से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ प्रियंका गांधी और उनके कई समर्थक भी मौजूद रहे। राहुल एक बड़े से ट्रक के ऊपर सवार होकर नामांकन के लिए पहुंचे। उनके ट्रक के आगे और पीछे दोनों ही तरफ बड़ी तादाद में लोगों का हुजूम साथ चला। इस बार वायनाड में मुकाबला काफी रोचक है, क्योंकि यहां एलडीएफ ने एनी राजा और एनडीए ने सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। आज एनी राजा भी नामांकन करने वाली हैं।

## अचानक दीपक के घर जा पहुंचे कमलनाथ, सिर्फ दो मिनट की बात!

मप्र में हॉट सीट बनी छिंदवाडा पर सबकी नजरें हैं। यहां बीते एक महीने से जारी दलबदल के चलते रोज नये मोड़ आ रहे हैं। ऐसा ही खास मोड अब आया,जब देर शाम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ खुद पांच विधायकों के साथ अचानक रोहना पहुंच गए। रोहना में दरअसल नाथ के कट्टर समर्थक रहे दीपक सक्सेना का निवास है। कमलनाथ को रोहना में देखते ही हड़कंप मच गया। हालांकि कमल नाथ रोहना में बमुश्किल सिर्फ चार पांच मिनट ही रुके लेकिन इस दौरान दीपक सक्सेना हतप्रभ रह गये, वे खुद को संभाल भी नहीं पाए। बताया जाता है कि कमलनाथ ने दीपक सक्सेना से कहा कि पुत्रमोह में तुमको अब क्या करना है ,यह तुमको ही तय करना है और वहां से रवानगी ले ली।



दरअसल दीपक सक्सेना के भाजपा में जाने के चर्चे पिछले लगभग 15 दिनों से तेजी से चल रहे हैं, माना जा रहा है कि दीपक के भाजपा में जाने की सारी तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। किसी भी दिन इस बात पर मोहर लगा सकती है। इसी बीच कमलनाथ ने अपने सबसे पुराने साथी दीपक सक्सेना को मनाने का एक और प्रयास किया है। बताया जाता है कि कमल नाथ ने अपने संबंधों का हवाला देते हुए उन्हें चंद बातें कही और उठकर निकल गए।

# राजीव गांधी हत्याकांड के तीन आरोपी श्रीलंका लौटे, दो साल पहले हुए थे रिहा

**चेन्नई ।** राजीव गांधी हत्याकांड के तीन पूर्व आरोपी बुधवार को अपने देश श्रीलंका वापस लौट गए। तीनों की पहचान मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस के तौर पर की गई है, जो श्रीलंका के रहने वाले थे। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों को श्रीलंकाई वाहक से रवाना हुए। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में उन तीनों को बाकी के सात आरोपियों के साथ रिहा कर दिया था। उनकी रिहाई के बाद उन्हें तिरुचिरापल्ली मं एक विशेष शिविर में रखा गया था। वे मंगलवार की रात में चेन्नई पहुंचे और आज सुबह कोलंबो के लिए रवाना हुए। तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट को सूचित किया कि विदेशी पंजीकरण कार्यालय की तरफ से निर्वासन आदेश मिलने के बाद वे तीनों अपने घर वापस जा सकते हैं। इससे पहले श्रीलंकाई उच्चायोग ने उनकी घर वापसी के लिए यात्रा दस्तावेज जारी किया था। इस मामले में एक और श्रीलंकाई आरोपी की पहले ही मौत हो गई थी। इस मामले के अन्य आरोपी जिन्हें रिहा कर दिया गया है वे सभी भारतीय हैं।



# कपड़े की दुकान में लगी आग, सात के मरने की आशंका

**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया कि यह घटना सुबह के चार बजे की है। इस हादसे में सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। मीडिया से बात करते हुए औरंगाबाद के पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने कहा, 'छत्रपति संभाजीनगर में सुबह के चार बजे एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग दूसरे मंजिल तक नहीं पहुंच पाई, लेकिन प्राथमिकी जांच के बाद हमें लगता है कि इस हादसे में दम घुटने के कारण करीबन सात की मौत हुई है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।'

# फोर्ब्स की सूची में इस बार 200 भारतीय अरबपति, अभी अंबानी के पीछे अडानी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

फोर्ब्स की भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, जिससे वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए हैं। अंबानी ने दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा और भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। वहीं चर्चित उद्योगपति गौतम अदाणी सूची के अनुसार दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं। उनकी संपत्ति में 36.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। वे 84 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 17वें स्थान पर हैं। सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में उनका नाम चौथे स्थान पर है। एक साल पहले वह छठे स्थान पर थीं। उनकी कुल संपत्ति 33.5 अरब डॉलर है।



सूची में पच्चीस नए भारतीय अरबपतियों ने डेब्यू किया है। इनमें नरेश त्रेहन, रमेश कुन्हीकन्नन और रेणुका जगतियानी का नाम शामिल हैं। वहीं, बायजू रवींद्रन और रोहिका मिस्त्री का नाम सूची से बाहर हो गया है।

## ये हैं भारत के 10 सबसे अमीर लोग

**मुकेश अंबानी**- नेट वर्थ 116 अरब डॉलर
**गौतम अदाणी**- कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर
**शिव नादर**- कुल संपत्ति 36.9 अरब डॉलर
**सावित्री जिंदल**- नेट वर्थ 33.5 अरब डॉलर
**दिलीप सांघवी**- नेट वर्थ 26.7 अरब डॉलर
**साइरस पूनावाला**- कुल संपत्ति 21.3 अरब डॉलर
**कुशल पाल सिंह**- नेट वर्थ 20.9 अरब डॉलर
**कुमार बिड़ला** - कुल संपत्ति 19.7 अरब डॉलर
**राधाकिशन दमानी**- कुल संपत्ति 17.6 अरब डॉलर
**लक्ष्मी मित्तल**- कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर

# शेयर बाजार में तेजी से गिरे सेंसेक्स-निफ्टी



**मुंबई , एजेंसी।**

शेयर बाजार की आज दूसरे दिन भारी गिरावट से शुरुआत हुई है। सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा फिसलकर खुला तो वहीं निफ्टी भी करीब 100 अंकों की गिरावट पर रहा। हालांकि कुछ देर के बाद शेयर बाजार ग्रीन जोन पर कारोबार करते हुए नजर आया लेकिन कुछ समय बाद फिर गिरावट हावी हो गई। मिडकैप, स्मॉलकैप और अन्य इंडेक्स में भी गिरावट जारी है। गिरावट पर खुले बाजार में आईटी सेक्टर में खूब खरीदारी हुई, जिस कारण शेयर बाजार थोड़े वक्त के लिए ग्रीन जोन में आ गया था। पीएसयू बैंक, बैंक निफ्टी, हेल्थकेयर, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टर में गिरावट हावी है।

# इमरान की पत्नी बुशरा को जेल में दिया जहर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी की हत्या की कोशिश हो रही है। इमरान ने अदालत को कहा कि बुशरा को उनके घर बानी गाला में जहर दिया गया, बानी गाला को सब-जेल में बदल दिया गया है। रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद इमरान ने तोशाखाना केस की सुनवाई के दौरान ये बात कही। खान ने अदालत को बताया कि जहर दिए जाने के बाद बुशरा की जान बच गई लेकिन उनकी त्वचा और जीभ पर निशान थे। उन्होंने अदालत से घटना की जांच और बुशरा बीबी की पूरी मेडिकल जांच का आदेश देने की मांग की।



**मेट्रो एंकर**

## भाजपा के टिकट पर मेरठ से लड़ रहे चुनाव, कभी राजीव गांधी के समक्ष ली थी कांग्रेस की सदस्यता

# कांग्रेस की गलियों से गुजरी राम की राजनीतिक राहें!

**मेरठ/मुंबई, एजेंसी।**

अस्सी के दशक में टीवी से घर घर तक अरूण गोविल वह नाम थे,जिनके करिश्मे के आगे बड़े स्टार पानी भरते नजर आते थे। टीवी सीरियल 'रामायण' में राम की भूमिका निभाने वाले यही अभिनेता अरुण गोविल अब भाजपा के टिकट पर मेरठ से लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। मगर 'राम' की यह राजनीतिक राह पहले कांग्रेस की तरफ भी मुडी थी। तब तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई थी और इसी सीरियल में रावण की भूमिका निभाने वाले अरविंद त्रिवेदी ने भाजपा का दामन थामा था।

दरअसल उस दौर में जब अरूण गोविल का सितारा चमक रहा था तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें कांग्रेस में शामिल होने की पेशकश की व 88 में सदस्यता दिलाई। अरूण को चुनाव लड़ने का आफर भी दिया गया मगर वे तैयार नहीं हुए। ज्ञात हो तब राजीव ने अपने कार्यकाल के दौरान हिंदू भावनाओं का सम्मान करते हुए सबसे पहले राममंदिर के ताले खुलवाए थे। तब राजीव सरकार बोफोर्स मामले में भी घिरी हुई थी। उनके मंत्री वीपी सिंह बागी हो रहे थे और मित्र अमिताभ बच्चन इलाहाबाद के सांसद पद से इस्तीफा दे चुके थे। सिंह ने प्रयागराज संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में ताल ठोक दी तो गोविल के इंकार के बाद सुनील शास्त्री को मैदान में उतारा गया।



## तब 'राम' की शरण में राजीव

कांग्रेस को वीपी सिंह से मुकाबला करने के लिए 'राम' की शरण में जाना पड़ा। राजीव ने सुनील शास्त्री के समर्थन में प्रचार के लिए अरुण गोविल को प्रयागराज के चुनावी रण में उतारा। तब उन्होंने वनवास काट रहे राम की वेशभूषा ( भगवा वस्त्र ) धारण कर सुनील शास्त्री के लिए प्रचार किया। वह रामायण सीरियल में जिस तरह की वेशभूषा में दिखते थे, उसी तरह कांग्रेस की चुनावी सभाओं में भी पहुंचते, लोगों की भारी भीड़ जुटती। लेकिन टीवी के राम की लोकप्रियता भी प्रयागराज में कांग्रेस को हार से नहीं बचा सकी। वीपी ने शास्त्री को 1.10 लाख के अंतर से हराया। मगर बाद में राजीव ने गोविल को राज्यसभा की पेशकश की, मगर उन्होंने राजनीति में आने से इनकार कर दिया और अभिनय के क्षेत्र में बने रहे। बहरहाल अब गोविल ने भाजपा में शामिल होकर अपने राजनीतिक जीवन की दूसरी पारी का आगाज किया है और मेरठ से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं. अरुण गोविल मूल रूप से मेरठ के ही रहने वाले हैं। उनका कहना है कि जन्मभूमि पर किसी सियासी या चुनावी रण के लिए नहीं आए हैं, बल्कि अपनी बात, अपना प्यार अपने लोगों को देने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह अपनी जड़ों से जुड़ने का एक अवसर है।

**सर्वर डाउन ....**




सर्वर डाउन होने के कारण कलेक्टर कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा।

**वाहन चेकिंग ...**




आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत यातायात पुलिस ने आज भारत टॉकीज चौराहे पर चेकिंग पॉइंट पर वाहनों की जांच पड़ताल की। कुछ वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं थी जिसमें वाहनों पर जुर्माना भी लगाया है।

### आयोग ने कहा- जारी आदेश के पालन में की जा रही उपेक्षा, न्यायोचित कार्यवाही के निर्देश

# साल दर साल बढ़ रहे डॉग बाइट मामले मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव से रिपोर्ट तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने प्रदेश में साल दर साल तेजी से बढ़ रहे डॉग बाइट के मामलों पर संज्ञान लेते हुए मप्र शासन मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसे साथ ही आयोग ने प्रदेश में आवारा कुत्तों के उचित प्रबंधन में हो रही उपेक्षा के कारण लोगों के जीवन की सुरक्षा के जोखिमूर्ण होने से उन्हें प्राप्त सुरक्षित जीवन जीने के मौलिक एवं मानव अधिकारों के हो रहे उल्लंघन पर जारी आदेश के पालन में की जा रही उपेक्षा पर शीघ्र न्यायोचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिसकी रिपोर्ट भी आयोग ने एक माह के भीतर अधिकारियों से तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में स्ट्रीट डॉग बाइट की घटनायें हर साल दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही हैं। शहर के विभिन्न अस्पतालों से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉग बाइट के वर्ष 2022 में 8124 मामले, वर्ष 2023 में 16387 मामले एवं वर्ष 2024 के प्रारंभिक तीन माह में ही 6728 मामले सामने आ चुके हैं।

### वर्ष 2022 में 8124, वर्ष 2023 में 16387 और 2024 में तीन माह में ही सामने आए 6728 केस



### सिर छिपाने शेड तक नहीं, धूप में यात्री

भोपाल शहर के हलालपुर बस स्टैंड से 180 से अधिक बसों में सफर करने वाले 10 हजार यात्रियों को सिर छिपाने के लिये पर्याप्त शेड तक नहीं मिल पा रहा है। यात्री दिनभर धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने अधिकारियों से पूछा है कि हलालपुर बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं के लिये उपलब्ध स्थान कितना है ? और यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के लिये आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए वांछित स्थान तथा इसी अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की क्या संभावना है ? के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

### हमीदिया 8 लिफ्ट हैं, चलती है सिर्फ एक-

भोपाल शहर के सरकारी अस्पताल में मरीजों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 500 करो? की नई हमीदिया बिल्डिंग में कहने को तो 8 लिफ्ट लगी हुई हैं, लेकिन चालू सिर्फ एक रहती है। ऐसी स्थिति में मरीजों को उपर जाने में लंबा इंतजार करना प?ता है। मामले में आयोग ने हमीदिया अस्पताल अधीक्षक से प्रकरण की जांच कराकर लिफ्ट सुविधा पूर्ण रूप से प्रारंभ करवाए जाने एवं तब तक मरीजों, विशेष रूप से गंभीर मरीजों के लिये लिफ्ट के अभाव में हो रही असुविधा के निराकरण हेतु वैकल्पिक स्वास्थ्य सुविधा तल मंजिल या निकटतम मंजिल या अन्य सुविधाजनक स्थान पर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में 15 दिन में जवाब मांगा है।

**एमपी बोर्डः माशिमं**

# अप्रैल के तीसरे सप्ताह में जारी होगा 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह तक जारी हो सकता है। इसको लेकर बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेशभर में करीब 90 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा हो चुका है। मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों की संख्या में भी इजाफा किया गया है, ताकि जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी किए जा सके। मूल्यांकन कार्य पांच अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। करीब 10 दिन रिजल्ट बनाने में लगेंगे। ऐसे में 15 से 20 अप्रैल के बीच परीक्षा परिणाम जारी हो सकते है। उल्लेखनीय है कि राजधानी के मॉडल स्कूल में

### शिक्षकों की संख्या में किया इजाफा, पांच अप्रैल तक मूल्यांकन पूरा करने के निर्देश




समन्वयक केंद्र बनाए गए हैं। इधर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने समन्वयक केंद्र का निरीक्षण कर मूल्यांकन से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के स्कूल के प्राचार्यों को आदेश जारी कर शिक्षकों को रिलीव करने के लिए आदेश जारी किया है।

### 1 करोड़ 25 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

गत वर्ष के मुकाबले इस बार अप्रैल में संभावित लोकसभा चुनाव के चलते बोर्ड परीक्षाएं एक माह पहले शुरू की गई थी, ताकि अप्रैल में परिणाम जारी हो किए जा सकें। मंडल 22 फरवरी से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया है। इस बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। जिनकी 1 करोड़ 25 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिला स्तर पर मूल्यांकन केंद्रों पर 22 फरवरी से शुरू हो चुका है।

# सत्र के पहले मंगलवार को हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को सुबह प्रार्थना सभा में संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ की परंपरा है। विद्यालय के एक हजार बच्चे एक सुर में चालीसा का पाठ करते हैं हर मंगलवार को विशिष्ठजन भी चालीसा पाठ करने आते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्य अतिथि सौर ऊर्जा उत्पादन के सलाहकार जीतेन्द्र शर्मा, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, कर्नल नारायण पारवानी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। चेलानी ने कहा कि आज नए सत्र का पहला मंगलवार है। आज हम चालीसा के पाठ के साथ हनुमानजी से प्रार्थना करेंगे कि हमारे अंदर बल और बुद्धि का विकास करें। नारायण पारवानी ने भी ने अपने विचार रखे। शर्मा ने कहा कि मैंने पहली बार देखा है कि हनुमान चालीसा का पाठ किसी विद्यालय में इतनी संख्या में विद्यार्थी एक साथ करते हैं। कार्यक्रम में संस्कार परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

## एनआईटीटीटीआर के फैकल्टी मेंबर्स को दिया गया 15 दिनों का प्रशिक्षण

**भोपाल।** राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के फैकल्टी मेंबर्स ने इंडस्ट्री ऑटोमेशन विषय पर सीमेंस मुंबई में 15 दिनों की ट्रेनिंग दी गई है। मेकाट्रॉनिक्स पर नवीनतम इंडस्ट्री 4.0 ऑटोमेशन में कुल 16 संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने मुख्य रूप से पीएलसी (प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर) प्रोग्रामिंग और पीएलसी का उपयोग करके ड्राइव को नियंत्रित करने के बारे में सीखा। उन्होंने सीमेंस में पीएलसी ऑटोमेशन इंडस्ट्री और सीमेंस में आईओटी लैब का दौरा किया। यह पूरा प्रशिक्षण प्रॉब्लम बेस्ड लर्निंग पर आधारित था, इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं एवं संस्थानों में प?ाए जाने वाले विषयों के बीच का गैप पता लगा एनआईटीटीटीआर ने पहले ही कैंपस में सीमेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब चलाने के लिए सीमेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सीमेंस की नवीनतम तकनीक के तहत कुल 11 लैब स्थापित हैं।



# आरजीपीवी के पूर्व कुलपति व रजिस्ट्रार की तलाश तेज, लुक आउट नोटिस की तैयारी

**भोपाल ।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के पूर्व कुलपति, रजिस्ट्रार और सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने तलाश में जुटी है। पांच नामजद आरोपियों में निजी बैंक के कर्मचारी कुमार मयंक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में हुए खुलासे के बाद आरजीपीवी के पूर्व कुलपति प्रो. सुनील गुप्ता और निलंबित पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत और सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा की तलाश है। पुलिस को इतना पता जरूर चला है कि आरजीपीवी द्वारा भोपाल के गांधी नगर थाने में जब इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया, इसके बाद से ही तीनों भोपाल छोड़ कर बाहर चले गए हैं। उधर पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार ने भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है और इस मामले में जल्द सुनवाई होने जा रही है। हालांकि, पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत की अग्रिम जमानत याचिका भोपाल जिला अदालत पुलिस की आपत्ति के बाद खारिज कर चुकी है। पुलिस को आशंका है कि कहीं यह आरोपी विदेश न भाग जाएं, इसलिए मामले की गंभीरता को देखते एसआईटी ने लुक आउट नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसआईटी ने लुकआउट नोटिस जारी करने का प्रस्ताव बनाकर भोपाल पुलिस आयुक्त के जरिए गृह विभाग को भिजवाया है। यहां से सरकार के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रस्ताव जाएगा और वहां से लुक आउट नोटिस आरोपियों के खिलाफ जारी किया जाएगा।




**मेट्रो एंकर**

### युवा सदन पर कार्यकर्ता बैठक में कार्ययोजना पर चर्चा

# दावा: लोकसभा में सबसे बड़ी जीत हुजूर से होगी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के लिए हुजूर विधानसभा क्षेत्र में विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार को और तेज करने व पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। युवा सदन में विधायक शर्मा ने विधानसभा के बूथ, मंडल एवं जिला स्तर के प्रमुख कार्यकर्ता के साथ लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना को लेकर संवाद किया। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई।

शर्मा ने कहा कि हुजूर से विधानसभा चुनाव में मतों का रिकॉर्ड तोड़ा था। लोकसभा में हुजूर विधानसभा से अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अप्रैल में कई विशिष्ट दिन हैं। 6 अप्रैल को हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि अपने घरों से निकलें व प्रत्येक बूथ पर जाएं और उत्सव मनाएं। 14 अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाएं, बस्तियों में जाकर लोगों से बात करें उनके साथ उत्सव मनाएं।



# फूलों से होली, राधिका क्लब ने मनाया यादगार होली मिलन

### सिंधी सेंट्रल पंचायत का होली मिलन कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत भोपाल का होली मिलन समारोह सिंधी कम्यूनिटी हाल प्रभू नगर, नानक टेकरी पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सिंधी परिवारों ने शामिल होकर फूलों से होली खेली। आगरा के कलाकारों ने प्रस्तुतियों से अवसर को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, महासचिव हरीश नागदेव ने भाइयों का गुलाल का टीका लगाकर स्वागत कियाञ बहनों को भारती ठाकुर और लता सबनानी ने टीके लगाकर बधाई दी। राधिका ग्रुप, आगरा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा की लोग खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। इससे पहले सुनील सत्संगी एवं नरेश गिदवानी नें होली गीत सुनाकर आनंदित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों के अलावा विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे।



# एक्शन: 122 पैथोलॉजी केंद्रों व औषधालयों का रजिस्ट्रेशन किया निरस्त



फाईल फोटो

## नियमों का पालन नहीं करने और लाइसेंस रिन्यू नहीं कराने पर हुई कार्रवाई

नियमों का पालन नहीं करने वाले निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी केंद्रों सहित औषधालयों पर कार्यवाही को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्त हो गया है। पांच निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के बाद अब विभाग ने लाइसेंस का नवीनीकरण न कराने पर 122 पैथोलॉजी केंद्रों व औषधालयों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किया है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के बाद इन केंद्रों में अब खून-पेशाब की जांच, मरीजों का परीक्षण आदि नहीं हो पाएगा। क्लीनिकों का पंजीयन निरस्त करने का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। होम्योपैथी औषधालय भी कार्रवाई में शामिल हैं।

### पंजीयन होने तक किसी भी मरीज का उपचार न करने के निर्देश

सीएमएचओ ने संबंधित क्लीनिक संचालकों को आदेश के जारी होने के दिनांक से क्लीनिक का पंजीयन होने तक किसी भी मरीज का उपचार न करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ पैथोलॉजी केंद्र संचालकों को भी आदेश दिनांक तक लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट सीधे संबंधित मरीजों को उपलब्ध कराने तथा क्लीनिक का पंजीयन नहीं होने तक नए मरीजों की जांच न करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अब विश्वसनीय चुनाव जानकारी के लिए नया प्लेटफॉर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग ने मिथ वर्सेस रियलिटि रजिस्टर लॉन्च किया है। यह भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर है। रजिस्टर के तथ्यात्मक मैट्रिक्स को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। इसकी शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचनाओं से बचाने के लिए ईसीआई द्वारा किये जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

राजन ने कहा कि चुनावी अखंडता के लिए धन, बाहुबल और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिये गलत सूचनाओं का त्वरित प्रतिकार जरूरी है। विश्व स्तर पर कई लोकतंत्रों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार की बढ़ती चिंता के साथ, ईसीआई की यह अभिनव और सक्रिय पहल यह सुनिश्चित करने का एक विशेष प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारियां ही मिलें। इस नये पोर्टल में चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित भ्रामक समाचारों, मिथकों और झूठ का प्रतिकार करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे तथ्यों को प्रसारित कराने में मदद मिलेगी। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिज़ाइन किया गया है। यह रजिस्टर पहले से ही प्रचारित चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले मिथक, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए संदर्भ सामग्री प्रदान करेगा। किसी भी चैनल के माध्यम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध जानकारी को मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर में दी गई जानकारी से सत्यापित और पुष्टि करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

# 13 अभ्यर्थियों ने भरा नाम निर्देशन पत्र, अब तक 21 ने भरे 27 नामांकन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से जारी हो चुकी है। दूसरे चरण के नामांकन के तीसरे दिन 13 अभ्यर्थियों ने 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। 28 मार्च से अब तक 21 अभ्यर्थियों द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि 2 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-6 टीकमगढ़(अजा) में एक अभ्यर्थी द्वारा एक नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-7 दमोह में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-8 खजुराहो में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-9 सतना में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 रीवा में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-29 बैतूल(अजजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-17 नर्मदापुरम में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नही किया गया।

### 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी

नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https:// affidavit. eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

## कॉग्रेंस और भाजपा बागियों से परेशान

# चुनाव के पहले चरण में बागी और सेंधमारी उम्मीदवारों की बड़ी चुनौती

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मप्र में लोकसभा चुनाव का शुरूआती चरण छोटा है लेकिन दिलचस्प है। पहले चरण में सिर्फ छह सीटों पर मतदान होना है लेकिन इसमें छिंदवाडा जैसी हाइप्रोफाइल और विंध्य जैसी अबूझ मिजाज वाली सीटें सरगर्मी घोल चुकी हैं। महाकौशल और विंध्य क्षेत्र की छह सीटों पर लोकसभा चुनाव में सीधी, बालाघाट, शहडोल, जबलपुर, मंडला और छिंदवाड़ा सीटें शामिल हैं। सभी राजनीतिक दल जीत के लिए जोर तो लगा रहे हैं और अपना समीकरण साधने की तैयारी में है लेकिन उनके सामने चुनौती भी कम नहीं है। क्योंकि किसी सीट पर बागी ही खेल बिगाड़ रहे हैं तो किसी सीट पर एंटी इनकबेंसी चुनौती बन रही है। बालाघाट और सीधी सीट पर बागी प्रत्याशी कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के लिए परेशानी बन रहे हैं।**





जहां तक छिंदवाडा का सवाल है तो वहां कमलनाथ की घेराबंदी के लिये भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा यहां कांग्रेस उम्मीदवार नकुलनाथ को कमजोर मानकर यह ताकत लगाये है वहीं कमलनाथ अपने पुत्र के पीछे आ खड़े हुए हैं। इसके चलते कमलनाथ के नजदीकी विधायकों और अन्य नेताओं को भाजपा के पाले में लाने के लिये कवायद जारी है। वैसे यह सीट आपातकाल में भी कांग्रेस के पास रही थी। सिर्फ एक बार कमलनाथ यहां उपचुनाव हारे हैं लेकिन वह 44साल से सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दूसरी तरफ मंडला सीट पर विधानसभा चुनाव हारे केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते को एंटी इनकंबेंसी का सामना करना पड़ रहा है। मंडला संसदीय सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और सांसद



फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी बनाया है। वह आदिवासियों का बड़ा चेहरा है। कांग्रेस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम को प्रत्याशी बनाया है। दोनों 10 साल बाद फिर से आमने-सामने है। इस सीट पर भाजपा के लिए एंटी इनकबेंसी फैक्टर चुनौती बना हुआ है। कुलस्ते 2009 को छोड़ दें तो लगातार छह बार के सांसद हैं। 09 में इस सीट पर कांग्रेस के बसोरी सिंह मसराम चुनाव जीते थे। इस चुनाव को छोड़ कुलस्ते लगातार छह चुनाव जीतते आ रहे हैं। उनको पार्टी ने मंडला की निवास सीट से विधानसभा प्रत्याशी बनाया था। हालांकि, वे यह चुनाव कांग्रेस के चैनसिंह वरकड़े से हार गए। ऐसे में फग्गन सिंह कुलस्ते के सामने एंटी इनकंबेंसी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

जबकि बालाघाट संसदीय सीट पर कांग्रेस ने सम्राट सारस्वत को प्रत्याशी बनाया है और भाजपा ने सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भारती पारधी को मौका दिया है। इस सीट पर कांग्रेस के लिए कंकर मुंजारे मुसीबत बन गए हैं। मुंजारे ने कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद बसपा से नामांकन भर दिया है। मुंजारे बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के पति हैं। मुंजारे बालाघाट से निर्दलीय चुनाव भी जीत चुके हैं। वे तीन बार के विधायक भी रह चुके हैं।

विंध्य की सीधी सीट पर भाजपा ने डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और कमलेश्वर पटेल को मौका दिया है। यहां पर भाजपा से बागी अजय प्रताप सिंह ने निर्दलीय मैदान में है। वे यहां पर भाजपा का खेल बिगाड़ सकते हैं। राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह का कार्यकाल दो अप्रैल 2024 में समाप्त हो गया। उनको दोबारा राज्यसभा नहीं भेजने पर वह सीधी से टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने उनको टिकट नहीं दिया। इससे नाराज होकर सिंह ने कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अब वह निर्दलीय चुनाव मैदान में है।

## 384 से अधिक उम्मीदवार तो आयोग तय करेगा कैसे हो चुनाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा ईवीएम से मतदान नहीं कराने के लिये 400 उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की बात किये जाने के बाद यह मुद्दा चर्चा में आ गया है। जब इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से पूछा गया तो राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला में उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में 384 तक उम्मीदवार होने पर ईवीएम से ही मतदान कराया जा सकता है। इससे अधिक उम्मीदवार होने का प्रश्न वैसे तो काल्पनिक है, लेकिन ऐसी परिस्थिति आती है तो चुनाव आयोग तय करेगा।



राजन ने मुख्यमंत्री निवास से राजनीतिक गतिविधियों के संचालन संबंधी कांग्रेस की शिकायत पर कहा कि यह मेरे देखने में नहीं आया है, पर जानकारी लेंगे।

राजन ने एक सीट पर 384 से अधिक उम्मीदवार होने के प्रश्न को काल्पनिक बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में अभी कहीं इस तरह की स्थिति सामने नहीं आई है। पहले चरण की छह सीटों में सर्वाधिक 19 उम्मीदवार जबलपुर में हैं। यहां दो बैलेट यूनिट लगेंगी।हमने मतदान को लेकर सभी तैयारियां कर ली हैं। इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मिलेगी। विधानसभा चुनाव में यह 80 वर्ष थी। लोकसभा चुनाव कार्य में संलग्न रहने वाले अधिमान्य पत्रकारों को भी डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी।

### फेक न्यूज से बचने की सलाह

फेक न्यूज से बचने की सलाह देते उन्होंने कहा कि प्रामाणिक व तथ्यपरक खबरें ही दी जानी चाहिए। अभी पिछले दिनों एक खबर चली कि यदि मतदान नहीं किया तो 300 रुपये बैंक खाते से सीधे कट जाएंगे। जबकि, सभी जानते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं है। वहीं, संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने कहा कि पत्रकार आयोग के आंख और कान हैं। कई बार आपके माध्यम से वे जानकारी मिलती हैं, जो प्रशासन की नजरों में नहीं आ पाती हैं।

**मेट्रो एंकर** भोपाल में स्थित राज्य लघु वनोपज संघ की यूनिट में आयुर्वेदिक दवाईयां तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

# जड़ी–बूटियों से तैयार होंगी हर्बल दवाईयां, काढ़ा रखेगा गर्भवती महिलाओं की सेहत का ध्यान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जड़ी–बूटियोां से तैयार दवाईयां व हर्बल काढा गर्भवती महिलाओं की सेहत का ध्यान रखेगा। इसमें हर्रा, बेहड़ा और मूसली का उपयोग किया जाएगा। ये शरीर को ताकत देंगे, क्योंकि मूसली सफेद पानी के स्त्राव को रोकने में मदद करती है। सतावर ताकत को बढ़ाता है। पिस्ता, बादाम, अखरोट भी काढे का हिस्सा होंगे, जो शक्ति देने के साथ ही घबराहट को दूर करेंगे। हर्रा, बेहाड़ा, ऑवला पांचन क्रिया को मजबूत बनाने के लिए उपयोग किए जाएंगे। भूख बढ़ाने में सहयोगी बनेंगे। असल में विभाग के वनोपज संघ की भोपाल स्थित बरखेड़ा पठानी विंध्य हर्बल प्रसंस्करण यूनिट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। जनवरी 2025 तक ये दवाईयां व काढे बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे। ये विंध्य हर्बल के नाम से मिलेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उक्त यूनिट में अभी करीब 350 प्रकार की दवाईयां तैयार कर रही है। इन दवाईयों का सबसे अधिक उपयोग राज्य का आयुष विभाग करता है। महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश समेत 10 से अधिक राज्यों के आयुष विभाग मप्र से विंध्य हर्बल उत्पादों से बनी दवाईयों के ग्राहक है। 350 प्रकार की आयुर्वेदिक दवाईयां जंगलों में मिलने वाली औषधियों से बनाई जाती है। जिनका दुष्प्रभाव बिल्कुल भी नहीं होता। ये औषधियां राज्य में जिला स्तर पर कार्यरत सहकारी समितियों के अंतर्गत ग्रामीण परिवार के जरिये जंगलों से मिलती है। यह काम 30 हजार से अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। विभाग विंध्य हर्बल उत्पादों को और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रहा है। यूनिट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि दवाईयां व अलग-अलग तीन काढे बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए अलग-अलग फार्मूले का उपयोग कर रहे हैं। इन उत्पादों को जांच के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाओं में भेजेंगे। सबकुछ ठीक होने प बाजार उतार देंगे। कीमत बाद में तय करेंगे, जो कि मामूली होगी। इसके कोई साइट इफैक्ट नहीं होंगे। आमतौर पर अन्य दवाईयों से गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के पहले व बाद में साइट इफैक्ट होने का खतरा रहता है लेकिन ये दवाईयां व काढे पूरी तरह आयुर्वेदिक होंगे। इनके दुष्प्रभाव बिल्कुल नहीं होंगे।



I iknd h;

## बेरोजगार युवाओं की संख्या चिंताजनक स्तर पर

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर आजकल कई बातें होती हैं,अलग-अलग फोरम पर इन बातों का निष्कर्ष भी अलग होता है और दावे भी अलग। फिलहाल चमकती व उम्मीदभरी तस्वीर के बीच अगर बेरोजगारी के आंकड़े में युवाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक स्तर पर नजर आती है, यही बताती है कि अभी बहुत कुछ करने व सोचने की जरूरत है। वजह यह कि, हाल के वर्षों में युवाओं की संख्या और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया गया और उन्हें विकास का वाहक बताया गया है, लेकिन अब अगर युवाओं का ज्यादातर हिस्सा बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहा है तो उसे कैसे देखा जाए। दरअसल, मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन की इंडिया एंप्लायमेंट रिपोर्ट 2024' काबिलेगौर है। इस रपट में बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे सहज यह सवाल पैदा होता है कि कैसे देश की ताकत में इजाफा हो रहा है भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर तैयार इस अहम रपट में कुछ विरोधाभासों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर ताजा रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बड़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बड़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इस आलम एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ फीसद हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का लोगों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती जाती है। देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है तो इसके कारण पर खुलेपन से बात क्यो नहीं होती यह हालात हैं तो फिर अप्रशिक्षित युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में देखें राजनीतिक बातों के देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। बस यही विरोधाभास चिंता पैदा करता है कि विकास की राह पर इन युवाओं की रफ्तार क्या होगी।

# सियासी रण में भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत संविधान पर अंतिम हमले की पूरी तैयारी

**पी. चिदंबरम**



चेतावनी के संकेत बिल्कुल साफ थे। विपक्षी दल भी यह भांप रहे थे कि क्या होने वाला है, लेकिन लगता है कि धोखेबाज सलाहकारों ने अपने नेताओं को रोक रखा है। तमिलनाडु को छोड़कर कहीं भी युद्ध के लिए तैयार सैनिकों को युद्ध के मैदान पर नहीं भेजा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन जम नहीं पाया, बिहार में नीतीश कुमार की पेटेंट पाला बदलने की कलाबाजी ने इंडिया गठबंधन की तैयारियों को मैदान से उतारने की कोशिश जरूर की थी, लेकिन वे नाकामयाब रहे। महाराष्ट्र में सहयोगी दल सीटों के बंटवारे पर बहस कर रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा विपक्षी खेमें में नेताओं की खरीद-फरोख्त में व्यस्त है। उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस एकजुट जरूर हैं, लेकिन अब तक युद्ध के मैदान में उतरे नहीं हैं। वहीं, दिल्ली और झारखंड में सेनाएं तैयार हैं, लेकिन, जनरल सलाखों के पीछे कैद हैं। तमिलनाडु एकमात्र राज्य है, जहां इंडिया गठबंधन और विरोधी दलों के बीच युद्ध शुरू हो चुका है, जो उस कहावत की याद दिला रहा है कि, अच्छी शुरुआत का मतलब है कि आधी लड़ाई जीत लेना। यह तो हुई 29 में से सात राज्यों की बात। बाकी बचे कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है। दूसरी ओर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य किसी पहले से लिखे जा चुके नाटक के मंच की तरह दिख रहे हैं, वास्तविक युद्ध के मैदान की तरह नहीं।

**शस्त्रागार**–भाजपा ने अपना पूरा शस्त्रागार खोल दिया है। असंवैधानिक चुनावी बॉन्ड के जरिये एकत्रित किया गया अकूत पैसा पहले ही उसके पास है। इन इलेक्ट्रॉनिक बॉन्ड की सच्चाई, जिसे मैंने वैध रिश्वतखोरी का नाम दिया था, अब सबके सामने आ चुकी है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां तलाशी/गिरफ्तारी हुई, बॉन्ड खरीदे और दान किए गए, बॉन्ड भुनाए गए और या तो मामलों को रफा-दफा कर दिया गया या फिर लाइसेंस या कॉन्ट्रैक्ट के रूप में अनुचित फायदा पहुंचाया गया। तारीखें कहानी बयां करती हैं। बिंदुओं को जोड़ने पर पूरी रेखा साफ दिखने लगती है। अखबारों, टेलीविजन और बिल बोर्डों पर विज्ञापनों के जरिये युद्ध के लिए संसाधनों का विकास किया गया। भाजपा एक असमान मैदान पर खेल रही है। अब ऑपरेशन कमल की बारी है, जो भाजपा की खास कवायद है। दल-बदल को प्रोत्साहित करना और दलबदलुओं को टिकट देना इसके आधार हैं। मुझे बताया गया कि भाजपा चार सौ से ज्यादा उम्मीदवारों को नामांकित करेगी, जिसमें से पचास के करीब दलबदलू होंगे।

**राज्य सरकारों को अस्थिर करने का खेल**– गिरफ्तारी और नजरबंदी एक खतरनाक हथियार बन गया है। निशाने पर दो मुख्यमंत्री, एक उपमुख्यमंत्री, कई राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री का परिवार और विपक्षी राजनीतिक दलों के बहुत से नेता हैं। वर्तमानमें संसद के दोनों सदनों में भाजपा के 383 सांसद, 1481 विधायक और 163 विधाने परिषद के सदस्य हैं। इनमें पूर्व गैर-भाजपाई नेता भी शामिल हैं, जो विशाल लॉन्ड्री मशीन में धुल कर बेदाग हो चुके हैं। मुझे नहीं पता कि इन 2027 व्यक्तियों में किसी के भी खिलाफ कोई जांच चल रही है या नहीं और यदि चल रही है, तो वह निश्चित ही अपवाद होने के साथ ही अच्छी तरह से संरक्षित रहस्य भी होगा। राज्य सरकारों के कामकाज को बाधित करने के लिए राज्यपालों का इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा तैयार भाषण को विधानसभा में पढ़ने से इन्कार कर दिया। एक दूसरे अवसर पर वह विधानसभा की कार्यवाही से बहिर्गमन कर गए। राज्य सरकार की सलाह के बावजूद उन्होंने एक व्यक्ति को मंत्री पद की शपथ दिलाने से इन्कार कर दिया। केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों की मुख्यमंत्रियों के साथ नोंक-झोंक होती रहती है। तेलंगाना की राज्यपाल (पुदुचेरी की सह-उपराज्यपाल) व्यवहारिक रूप से महीनों तक तमिलनाडु में रहीं और ठीक उस दिन जब लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा हुई, बगैर समय गंवाएं अपने पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का इरादा दिखाया। राज्यपाल विधेयकों पर सहमति देने से इन्कार कर रहे हैं या अनिश्चित काल के लिए रोक रहे हैं। हालांकि भाजपा शासित राज्यों में ऐसे असांविधानिक कृत्य नहीं होते।

**संविधान से धोखा**– अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के आदेशों का पालन न करने के आदेश दिए जाने से दिल्ली की सरकार को पंगु बना दिया गया। केरल और पश्चिम बंगाल जैसी राज्य सरकारों को किसी न किसी बहाने से धनराशि रोक दी गई है। किसी न किसी शर्त का उल्लंघन का हवाला देते हुए गैर-भाजपा शासित राज्यों की उधार लेने की सीमा में कटौती की गई है। अस्पष्ट आधारों पर तमिलनाडु को आपदा राहत सहायता देने से इन्कार कर दिया गया है। केंद्र सरकार का कहना है कि राज्य के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति में संघ लोक सेवा आयोग की भूमिका होनी चाहिए। राज्य द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति के राज्य सरकार के अधिकारों पर अंकुश लगाया गया है। नतीजा यह है कि केंद्र सरकार के प्रति निष्ठा रखने वाले सत्ता केंद्र राज्यों में उभरे हैं और राज्य सरकारों के अधिकारों को चुनौती दे रहे हैं। राज्यों की स्वायत्तता का लगातार क्षरण हो रहा है।

**दरअसल आरएसएस**– भाजपा एक एजेंडे से प्रेरित हैं। आरएसएस के नेताओं का मानना है कि उन्होंने एक लंबे समय तक इंतजार किया है और लोकसभा चुनाव में जीत उनके एजेंडे को पूरा करने के लिए लॉन्च पैड होनी चाहिए। एजेंडे में शामिल हैं- एक राष्ट्र एक चुनाव, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), भूमि अधिग्रहण अधिनियम में संशोधन, कृषि कानून और पूजा स्थल अधिनियम को निरस्त करना। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में कुछ और खुलासे भी हो सकते हैं। लेकिन तय है कि यह अंतिम हमला होगा।

**साभार**– लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके विचार हैं

# 64 देशों के साथ यूरोप में भी इसी साल चुनाव, क्यों इन देशों के नतीजों पर टिकी रहेंगी दुनिया की नजरें?




भारत में लोकसभा चुनाव करीब है. बीच-बीच में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की भी बात हो रही है, लेकिन भारत या अमेरिका नहीं, दुनिया के 64 देशों के साथ-साथ यूरोपियन यूनियन में भी 2024 में इलेक्शन होने जा रहे हैं. दुनिया की कुल आबादी का लगभग 49त्न इस बार वोट देगा. माना जा रहा है कि ये साल देशों से आपसी रिश्तों से लेकर काफी कुछ बदल सकता है. देश में आम चुनाव का आयोजन होने वाला है, जो 19 अप्रैल से सात चरणों में होगा. इस दौरान करीब 96.8 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे. इसी तरह दुनिया की भी लगभग आधी आबादी अपने-अपने देशों में नेता चुनने वाली है. मैक्सिको से साउथ अफ्रीका, और ब्रिटेन से लेकर बेल्जियम तक कुल 80 देशों में या तो हाल में चुनाव हुए, या आने वाले कुछ महीनों में होंगे. ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है. वैसे तो हर देश के लिए उसका इलेक्शन और नतीजे जरूरी हैं, लेकिन कई डेमोक्रेसीज हैं, जिनके चुनावों में जीत-हार से दुनिया पर असर होगा।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में होंगे लेकिन भूचाल अभी से आया हुआ है. पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक उम्मीदवार हैं. रिपब्लिकन पार्टी से इस दावेदार पर ज्यादातर वोटर भरोसा भी दिखा रहे हैं. जैसे न्यूयॉर्क टाइम्स के एक सर्वे में 59त्न वोटरों ने इकनॉमी के मामले में ट्रंप पर भरोसा किया, जबकि वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन पर केवल 37त्न ने भरोसा जताया. ये उनका अंदरुनी मामला है, लेकिन असर लगभग सभी देशों पर दिखेगा% जैसे डेमोक्रेटिक पार्टी को कम आक्रामक माना जाता है. वहीं रिपब्लिकन समेत उसका उम्मीदवार भी बेहद आक्रामक माना जाता है. ट्रंप की बात करें तो वे रूस में वर्तमान सत्ता के करीबी माने जाते रहे, जबकि चीन से तनाव अक्सर बयानों में दिखता रहा. इन बड़े देशों के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव होते ही हरेक की इकनॉमी और डिप्लोमेसी पर असर हो सकता है. जैसे जो देश अमेरिका के दोस्त हैं, देखादेखी उन्हें भी किसी से कठोर या किसी के लिए नरम लहजा अपनाना पड़ सकता है।

**नए तनाव**– कुछ समय पहले ही ट्रंप ने नाटो में कम पैसे लगाने वाले सदस्य देशों से नाराजगी दिखाते हुए जरूरत में मदद न करने की धमकी दी थी. ये भी एक खतरा है. हो सकता है कि इससे वर्तमान में चल रहे युद्धों के साथ नई लड़ाइयों की जमीन तैयार हो जाए. वैसे ट्रंप के आने से इजरायल और खाड़ी देशों के रिश्ते सुधरे. उनके दौर में यूएई, बहरीन और इजरायल के बीच शांति समझौता हुआ. तो इसमें ये भी हो सकता है कि मध्यस्थता से इजरायल और हमास का तनाव थोड़ा ढीला पड़ जाए. ऐसे कई कयास एक्सपर्ट लगातार लगा रहे हैं, लेकिन इतना तय है कि वहां जो भी लीडर होगा, उसका असर दुनिया पर होगा। यूरोपियन पार्लियामेंट की 720 सीटों पर यानी 27 देशों में जून में चुनाव होंगे. इससे पूरे यूरोप का आने वाले समय में दुनिया के लिए रवैया तय हो सकता है. इसमें जर्मनी, फ्रांस और पोलैंड और डेनमार्क जैसे ताकतवर देश हैं. इन देशों में कथित तौर पर दक्षिणपंथ की हवा चल रही है. ऐसे में अगर इसी सोच या वायदे वाला कैंडिडेट जीतकर आए तो शरणार्थी पॉलिसी पर असर हो सकता है. हो सकता है कि बाहरी लोगों के लिए वहां जगह न बचे, या पहले से रहते लोगों के लिए मूल लोगों का रवैया बदल जाए. इससे पैदा हुए तनाव का असर हर कोने में दिखेगा।

फिलहाल बढ़ती ग्लोबल वॉर्मिंग के बीच ये भी देखा जा रहा है कौन सी पार्टियां क्लाइमेट चेंज को लेकर कितनी गंभीर हैं. भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में भी चुनाव है, जो बहुत खास माना जा रहा है. असल में साल 2022 में गंभीर आर्थिक संकट झेलने के बाद वहां राष्ट्रपति पद के लिए ये पहला चुनाव होगा. भारत और चीन दोनों की इसपर नजरें रहेंगी क्योंकि दोनों ही देशों ने श्रीलंका को भारी कर्ज भी दिया, साथ ही भारत इस देश का सबसे करीबी सहयोगी भी माना जाता रहा. चूंकि देशों की नीतियों पर इससे भी असर पड़ता है कि कहां कौन लीडर चुना गया, इसलिए कई देश एक-दूसरे के चुनावों में दखल भी देते रहे. कम से कम ऐसा आरोप आपस में लगाते रहे, हालांकि क्योंकि हस्तक्षेप सीधा नहीं होता इसलिए कभी इसका सबूत भी नहीं मिल सका.

**सीधे-सीधे असर नहीं** – कोई भी देश फॉरेन इलेक्टोरल इंटरवेंशन सीधे-सीधे नहीं करता ताकि उसकी इमेज खराब न हो. वो चुपके से चुनावों पर असर डालता है. ये भी दो तरीकों से होता है. जब विदेशी ताकतें तय करती हैं कि उन्हें किस एक का साथ देना है. दूसरे तरीके में विदेशी शक्तियां लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के लिए देशों पर दबाव बनाती हैं. दूसरे देश के फटे में टांग अड़ाने से वैसे तो सारे देश बचते हैं लेकिन चुनाव अलग मुद्दा है. इसमें जो सरकार चुनकर आती है, उसकी फॉरेन पॉलिसी सिर्फ उसे ही नहीं, पड़ोसियों से लेकर दूर-दराज को भी प्रभावित करती है. वो किससे क्या आयात करेगा, क्या एक्सपोर्ट करेगा, किसका साथ देगा, या किसका विरोध करेगा, ये सारी बातें इसपर तय करती हैं कि वहां सेंटर में कौन बैठा है. ये वैसा ही है, जैसे पावर सेंटर पर किसी दोस्त का होना. तनावपूर्ण रिश्तों वाले देशों में भी कोई न कोई पार्टी ऐसी होती है, जो विरोधियों से साठगांठ कर ले. यही कारण है कि बहुत से ताकतवर देश, अपने पड़ोसियों, दुश्मन देशों से लेकर लगभग सभी के चुनावों पर खास नजर रखते हैं. हमारे यहां कौन पीएम बन रहा है, इसका अमेरिका के लिए भी मोल है, और चीन के लिए भी.

**किन तरीकों से लगती हैं सेंध** – इसमें सबसे ऊपर है इंफॉर्मेशन मैनिपुलेशन. इसके तहत सूचनाओं से छेड़छाड़ करके उसे किसी एक पार्टी के पक्ष, और दूसरे के खिलाफ माहौल बनाया जाता है. टूलकिट जैसे टर्म इसी का हिस्सा हैं. इसके तहत किसी एक सरकार को निकम्मा या घूसखोर बताया जाता है. वोटर अगर कम जानकार है तो उसे गलत बातों से तुरंत प्रभावित किया जा सकता है. कुल मिलाकर भ्रम पैदा करके अपने पक्ष में माहौल बनाया जाता है. बहुत से फेक अकाउंट बन जाते हैं, जो ट्रोलिंग करते या फेक न्यूज को फैलाते रहते हैं।

– **साभार**

कड़ी मेहनत को केवल कड़ी मेहनत से ही हराया जा सकता है।

**निशाना**

### इसी में सम्मान



रह रह कर जिह्वा से ।
आते हैं बयान ।।
रहना है विवादित ।
इसी में सम्मान ।।
छोड़ कर सब काम ।
किए एजेंडा तय ।।
पकड़ लिए हैं अपनी ।
जो पुरानी लय ।।
है नज़दीक चुनाव ।
चर्चा में अब रहना ।।
बोल कर कुछ बोल ।
है आगे टहलना ।।
रोटी पानी बनी रहे ।
है उसका जुगाड़ ।।
हल्की फुल्की इसलिए ।
दिखती ये दहाड़ ।।

– **कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1043 एडवर्ड द कन्फैसर को इंग्लैंड के राजा, हाउस ऑफ वेसेक्स के अंतिम राजा का ताज पहनाया गया।
- 1776 जॉर्ज वाशिंगटन ने हार्वर्ड कॉलेज से एल.एल.डी मानद की डिग्री प्राप्त की।
- 1783 स्वीडन और अमेरिका ने एमिटी एंड कॉमर्स की एक संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1856 यूनान के रोडोस द्वीप समूह में चर्च में हुए बेम विस्फोट में लगभग 4000 लोगों की मौत हुई।
- 1860 पोनी एक्सप्रेस, एक मेल सेवा है जो अमेरिकी पश्चिम में लंबी दूरी के संचार का सबसे अधिक प्रत्यक्षीकरण बन गया है।
- 1888 ईस्ट एंडलॉन्डन के पूर्वी व्हेलचैपल जिले में, महिलाओं की अपराधियों की हत्या की गई या पहले की गई 11 अनसुलझी क्रूर हत्याएं हुईं।
- 1895 आयरिश लेखक ऑस्कर वाइल्ड द्वारा शुरू किया गया परिवाद परीक्षण शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप वाइल्ड की गिरफ्तारी, कारावास की सजा हुई।
- 1896 इतालवी स्पोर्ट्स समाचार पत्र ला गैड़ेटा डल्लो खेल के पहले संस्करण में प्रकाशित किया गया।
- 1910 जुआन वर्गास में 114 वर्ष अलामो की लड़ाई का अनुभव और उनके जीवन का सारा विवरण लिखा है।
- 1911 न्यूज़ीलैंड में 14 से 20 वर्ष के सभी लड़कों के लिए ड्राफ्ट पंजीकरण अनिवार्य हुआ।
- 1922 जोसेफ स्टालिन सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के पहले महासचिव बने।
- 1933 विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के ऊपर से पहली बार विमान ने उड़ान भरी।
- 1936 रिचर्ड हाउटनमैन को %लिंडबर्ग बेबी% की हत्या और हत्या के लिए इलेक्ट्रिक चेयर में मार दिया गया था।
- 1942 जर्मन पनडुब्बी -702 उत्तर समुद्र के खदान में खो गयी।
- 1946 इम्पीरियल जापानी सेना के अधिकारी मासाहारु होमा को बाटन डेथ मार्च से संबंधित युद्ध अपराधों के लिए मार डाला गया था।
- 1948 जीजू द्वीप पर एक विद्रोह शुरू हुआ, अंततः विभिन्न गुटों के बीच लड़ाई के कारण 14,000 और 30,000 व्यक्तियों के बीच संघर्ष हुआ और दक्षिण कोरियाई सेना ने विद्रोह का हिंसक दमन किया।
- 1948 मार्शल प्लान, एक आर्थिक सुधार कार्यक्रम है जिसे यूरोप के बाद के द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के निर्माण में सहायता के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री जॉर्ज मार्शल द्वारा स्थापित किया गया था।
- 1949 अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने उत्तरी अटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर किए।

### जिले में स्वीप गतिविधियों का आयोजन

# अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए किए जा रहे है विभिन्न कार्यक्रम

**नर्मदापुरम. दोपहर मेट्रो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदान के प्रति मतदाता जाकरूग हो। इसी क्रम में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 80 ग्वालटोली नर्मदापुरम में संबंधित वार्ड क्रमांक 31 की सभी 'मतदाता सखियों' एवं 'सभी शौर्य दल की सदस्य' द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 के लिए मतदाता जागरूकता गीत को गाकर वार्ड के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं मतदान हेतु गृह भेंट भी की गई एवं मतदान में सभी को अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया और अधिक से अधिक मतदान करने संदेश दिया। महिलाओं ने 'लोकतंत्र का पर्व' 'देश का गर्व' थीम पर रंगोली बनाई और मतदान के महत्व को बताया गया।



## चुनाव आयोग ने जारी किए पेड न्यूज से बचने के निर्देश

चुनाव आयोग ने पेड न्यूज से बचने के लिए प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। इसके अनुसार राजनीतिक दलों के व्यक्तियों द्वारा जारी किए ई मेल की न्यूज़ को अपने समाचार पत्रों में स्थान बहुत गंभीरता पूर्वक 3 से 4 बार पढ़ने के पश्चात अध्ययन करके, सोच समझकर, काट छांट कर के स्थान देना चाहिए। राजनीतिक दलों के व्यक्तियों द्वारा जारी किए गए ईमेल न्यूज, पैड न्यूज की श्रेणी में तो नहीं आ रही। इस बात का विशेष ध्यान रखे। समाचार-पत्रों से यह उम्मीद की जाती है कि वे गलत चुनाव अभियान या किसी उम्मीदवार या पार्टी या घटना के बारे में बढ़ा चढ़ाकर रिपोर्ट नहीं छापेंगे। किसी उम्मीदवार के उठाये मुद्दे की अनदेखी नहीं करनी चाहिए जैसे - एक्स अभ्यर्थी की सभा में जनसैलाब उमड़ा, एक्स अभ्यर्थी को मिल रहा है, भरपूर जनसमर्थन, जनता ने दिखाया उत्साह, एक्स अभ्यर्थी की सभा से माहोल निर्मित, जनता दे रही विजय श्री का आशीर्वाद।

## युवाओं एवं नव मतदाताओं के लिये सारिका घारू का विशेष जागरुकता कार्यक्रम



आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवाओं का कुल मतदाताओं में अधिक अनुपात है। अनेक युवा हॉस्टल, कोचिंग संस्थान आदि में रहते हुये अपने मतदान केंद्र से दूर कहीं अध्ययन कर रहे हैं। इन नव मतदाताओं को ईवीएम तथा वीवीपैट के साथ मतदान प्रक्रिया की जानकारी कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में स्वीप आईकॉन सारिका घारू द्वारा दी जा रही है। इसमें इन युवाओं को उनके निवास स्थान पर मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 के दिन वोट देकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने प्रेरित किया जा रहा है।

## नाम निर्देशन के तीसरे दिन कोई नामांकन दाखिल नहीं

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में नामांकन के तीसरे दिन मंगलवार 2 अप्रैल 2024 को किसी भी अभ्यर्थी अथवा व्यक्ति ने नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किए है।

## बुधनी में स्वीप गतिविधियों का आयोजन मतदाता जागरुकता रैली

सीहोर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने जिले के सभी विभाग प्रमुख और नगरिय निकाय एवं अन्य संबंधितों को लोकसभा निर्वाचन-2024 में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक मतदान कराने को टृषित रखते हुये पूरे जिले में मतदाता जागरूकता रैली एवं अनेक जागरूकता गतिविधयां आयोजित की जा रही है। इसी श्रृखला में स्वीप प्लान के अंतर्गत नगरपरिषद बुधनी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसके तहत रैली तहसील कार्यालय बुधनी से लेकर स्वामी विवेकानंद बस स्टैंड तक निकली गई। रैली में तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# नरवाई को खेत की मिटटी में मिलाने से देशी खाद का काम करता है

### गेंहू के ठूठ नरवाई जलाने से फसल उत्पादन में कमी



**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

किसानों द्वारा गेंहूँ फसल की कटाई का कार्य बढी तेजी से जारी है। किसानों से कृषि विभाग ने आग्रह किया है कि किसान गेंहूँ की नरवाई नही जलाये। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व से ही गेंहूँ की नरवाई जलाये जाना प्रतिबंधित किया गया हे। किसान गेंहू फसल के ठूठ नरवाई को जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। गेंहूँ की नरवाई को रोटेवेटर की सहायता से खेत की मिटटी में मिलाये इससे नरवाई मिटटी में मिलाने से देशी खाद का काम करता है और फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर किसान भाई को नरवाई न जलाने की सलाह एवं समझाइश निरंतर दी जा रही है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि विभाग के अधिकारी अपने निरन्तर भ्रमण के दौरान किसानों को समझाइश दे रहे है कि किसान अपने खेत की नरबाई नही जलाये और नरवाई नही जलाने के फयदे बता रहे है। किसान अपने खेत की नरवाई जलाने के स्थान पर रोटेवेटर चलाकर नरवाई खेत की मिटटी में मिलाये नरवाई मिटटी में मिला देने से खाद का काम करता है। किसान खेती को लाभ का धंधा बनाने के गेहूं के नरवाई को जलाने की बजाय उसे खेतों की मिट्टी में ही मिला दिया जाए जिससे खेत में फसलों को नुकसान भी नहीं होगा और फसल की पैदावार भी अच्छी होगी।

## कलेक्टर ने जिले के दो आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश पारित किये हैं। संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि थाना पिपरिया के अंतर्गत बनवारी निवासी पवन रघुवंशी पिता रामगोपाल रघुवंशी को एक वर्ष के लिए तथा इसी थाना अंतर्गत लोहिया वार्ड पिपरिया निवासी सुरजीत कुचबंदिया पिता धनेश कुचबंदिया उम्र 27 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया है।

# बिजली विभाग के खम्बो पर लगे अवैध होर्डिंग, एई बोले होर्डिंग अवैध है होगी कार्रवाई



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय क्षेत्र में पत्थर पुल से लेकर बानापुरा तक बिजली विभाग के लगभग 50 खंबे है जिनमें से अधिकतर पर एक विज्ञापन एजेंसी द्वारा अवैध तौर पर कब्जा करके विज्ञापन के लिए होर्डिंग लगाए जा रहे है। बिजली विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारी दिनभर वहां से निकलते है बावजूद इसके सभी अधिकारी इस बाद से अंजान है कि बिजली विभाग के खम्बो पर दिन दहाड़े अवैध होर्डिंग किसने लगाए।

इस तरह मुख्य मार्ग पर विज्ञापन एजेंसी द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग से बिजली विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि इन दिनों आचार संहिता लगी हुई है जिसमें प्रशासन द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें राजनैतिक व अवैध होर्डिंग को भी हटाया गया है लेकिन मुख्य मार्गो पर आचार संहिता के दौरान बिजली विभाग के खंबो पर लगे अवैध होर्डिंग प्रशासन की लाचारगी या संलिप्तता बयां करते है।

### होर्डिंग अवैध है कार्रवाई करेगें : एई

बिजली विभाग के एई खालिद आजम का कहना है कि पत्थर पुल से लेकर बानापुरा तक जो खंबे लगे है वह बिजली विभाग के है। हमारे द्वारा किसी प्रकार का कोई टेंडर नहीं निकाला गया है ना ही किसी को होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई है। आपसे जानकारी लगी है कि खंबो पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विज्ञापन वाले होर्डिंग लगाए गए है, जो कि पूरी तरह अवैध है। जानकारी ली जाएगी कि किस व्यक्ति ने इस तरह का काम किया है। होर्डिंग को निकलवाया जाएगा और संबंधित व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आज से शुरू हुआ लोकसभा चुनाव के लिए मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने को लेकर आज से 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस प्रशिक्षण में 947 मतदान कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा दिनांक 6 अप्रैल से 7 अप्रैल तक मतदान अधिकारी क्रमांक 2 तथा मतदान अधिकारी क्रमांक 3 को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस प्रशिक्षण में 820 मतदान कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार ने बताया कि प्रशिक्षण प्रातः 10ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जाएगा प्रशिक्षण का स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा रहेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से एवं ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को निर्वाचन संबंधी प्रश्न पत्र भी हल करना होगा प्रशिक्षण में सभी मतदान कर्मी अपना मोबाइल स्विच ऑफ रखना आवश्क है।

**मेट्रो एंकर** | बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पारितोषिक योजना

# बिजली चोरी की सूचना देने वालों को 2 लाख रुपये का पारितोषिक

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**




मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के उपरांत, 27 प्रकरणों में, अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि रूपये 20 लाख की शत-प्रतिशत वसूली होने पर, लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गयी है।

कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा. संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। कंपनी की वेबसाईट portal.pmcz.in पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर, बिल की राशि के दस प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए कंपनी द्वारा सतत रूप से निगरानी रखी जाती है। फर्म, एजेंसी, संगठन भी सूचनाकर्ता हो सकते है, जिन्हें कंपनी मुख्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराना आवश्यक है।


### पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि कंपनी मुख्यालय द्वारा सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उपाय एप्प के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है।



### जिला निर्वाचन कार्यालय को कार्यपूर्ण संबंधी सूचनाएं सम्प्रेषित करने के निर्देश

# 1341 मतदान केन्द्रों पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन के तहत सात मई को होने वाले मतदान के दौरान हरेक मतदान केन्द्र पर रोशनी के संबंध में कोई व्यवधान ना हो पाए इसके लिए जिले की सभी पांचो विधानसभाओं के कुल 1341 मतदान केन्द्रो पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित विभागीय भवनो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को प्रेषित किए गए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र विदिशा एवं सागर में सात मई को मतदान किया जाना है। मतदान पूर्व चिन्हित सभी मतदान केन्द्रो पर चार्जेबल एलईडी की व्यवस्ओं की पूर्ति कराए जाने के उपरांत जिला निर्वाचन कार्यालय को कायपूर्णतः संबंधी सूचनाएं सम्प्रेषित करने के निर्देश प्रसारित किए गए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वैद्य ने उपरोक्त आदेश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा, जिले के समस्त निकायो के अधिकारियों के साथ-साथ जनपदो के सीईओ और एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त परियोजना अधिकारियों को जारी आदेश के क्रियान्वयन संबंध में दिशा निर्देश प्रसारित किए गए है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में कार्यरत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से सकेंगे। मतदान कर प्राधिकार पत्रधारी मीडियाबंधु फर्म 12 डी प्राप्त करेंगे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने प्राधिकार पात्रताधारी मीडियाबंधुओं से पोस्टल बैलेट के मतदान कार्य हेतु जिला जनसंपर्क अधिकारी विदिशा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अत्यावश्यक सेवा के ऐसे प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार जो पोस्टल बैलेट सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, वे इस हेतु आवेदन प्रपत्र फार्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे पात्र पत्रकार मतदाता को फार्म 12डी के भाग दो में आवश्यक जानकारी भरकर अधिसूचना जारी होने की तिथि 12 अप्रैल से 5 दिवस के भीतर को प्रमाणीकरण के लिये प्रस्तुत करनी होगी और जिले के प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार कार्यालय से अथवा अपने बीएलओ से फार्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। जिला नोडल अधिकारी अपने जिले में लगने वाली लोकसभा क्षेत्र के अनुसार फार्म संबंधित रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग आफीसर को सौंपेगे। आवेदनो की जांच संबंधित आरो, एआरओ द्वारा की जाएगी। उपयुक्त पाए गए आवेदनों के आधार पर सूची तैयार की जाएगी साथ ही मार्कड कॉपी में पीबी मार्किंग सुनिश्चित करेंगे। आरो, एआरओ निरस्त किए गए आवेदनों के संबंध में संबंधित निर्वाचक को आवेदन निरस्त होने के कारण सहित सूचित करेंगें। पांचो विधानसभाओं में जारी प्रशिक्षण में मतदान कर्मी निर्वाचन कार्यो की जानकारी से बखूबी अवगत हो रहे - लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये जिले की पांचों विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो पालियों में प्रशिक्षण जारी है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### निर्वाचन के दौरान गर्मी से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान गर्मी से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित पत्र जारी कर गर्मी से बचाव के संबंध में जारी एडवायजरी के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं हरेक मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित कराने की कार्यवाही 15 अप्रैल तक क्रियान्वित कर मतदान केन्द्रवार प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु ताकिद किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वैद्य के द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में अत्यधिक गर्मी पडने की संभावना होने से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन द्वारा गर्मी से बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है जिसकी प्रतियां स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराते हुए एडवायजरी के अनुसार तमाम कार्य संपादन कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

### प्राधिकृत पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से वोट करने की ऐच्छिक सुविधा

भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में माना - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा ऐच्छिक प्रदान की गई है। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे।

### कायाकल्प योजना के अंतर्गत

# ठेकेदार कर रहा है लीपा पोती, जिम्मेदार बेखबर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अधिकांश सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई दिखाई दे रही है आगे 5 पट पीछे सपाट की स्थिति में निर्माण कार्य हो रहा है फिर भी संबंधित विभाग के अधिकारी देखने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं इसी बात का फायदा उठाकर अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा घटिया निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। विधायक की फटकारो के बाद भी नगर पालिका के अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान कायाकल्प योजना की सड़क में हो रहा है गोलमाल घटिया निर्माण करने वालों की किसी भी तरह की कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है। अपने हिसाब से ठेकेदारों के द्वारा घटिया मटेरियल का उपयोग करके सी सी सड़कें बनाने के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही दूसरी ओर कायाकल्प योजना के अंतर्गत करोड रुपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य बहुत ही घटिया किया जा रहा है। सड़क बनने के साथ ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है बेस डालने के नाम पर खाना पूर्ति हो टेंडर के हिसाब से काम नहीं किया जा रहा है गुणवत्ता का तो कोई ध्यान ही नहीं है। अपने हिसाब से सीसी डाल दी जाती है कहीं पर बेस के नाम पर खाना पूर्ति की जाती है दूसरी ओर सड़क निर्माण के दौरान काटे गए पेड़ों की जड़ों को नहीं उखाड़ गया है उनके ऊपर और आसपास ही सीसी डाल दी गई है जो कुछ दिनों के बाद जैसे ही पेड़ों में से फुनसे निकलेंगे तो सड़क वहां से क्षतिग्रस्त हो जाएगी इसके अलावा गुणवत्ता के साथ काम नहीं होने से सड़क भी जगह-जगह से चटक कर क्षतिग्रस्त होने लगीं है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा अपने हिसाब से जब मर्जी होती है तब काम प्रारंभ कर दिया जाता है और कहां काम करना है और कितना काम करना है। उतना ही करके छोड़ दिया जाता है। इस वजह से करोड़ों की लागत से बन रही सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई दिखाई दे रही है अब देखना है की जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देंगे या नहीं।

**इनका कहना है-**

*कायाकल्प योजना की सड़क गारंटी में बन रही है यदि घटिया काम हो रहा है तो हम जांच करवाते हैं।*

**पवन शर्मा** *मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिरोंज*

# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन के माध्यम से भी मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक - लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई को विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के 1341 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने इस हेतु विभिन्न स्तर पर जिले के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज जिले की ग्राम पंचायत कुल्हार में रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित किया है। साथ ही साथ ग्राम पंचायत आटस के हाट बाजार में खरीदारी करने आए मतदाताओं को रैली के माध्यम से जागरूक किया गया है और उन्हें मतदान दिवस पर नियत किए गए मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें का संदेश दिया है। ग्राम पंचायत तिलातिली और सतपाड़ाहाट में भी इसी तरह स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत खेजड़ा सुल्तान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा शाला बमोरी ग्राम में ग्रामीण मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई है।

इसके अलावा ग्राम पंचायत सौराई, दुपारिया और पड़रायत समेत अन्य ग्रामों में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रसारण कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्र की दीवारों पर विभिन्न प्रकार के स्लोगन जैसे ष्अपने मतदान पर गर्व कीजिये, वोट दीजिए वोट दीजिएष् तथा भारत भाग्य विधाता हूं, अब तो मैं मतदाता हूंष् के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# सिरोंज न्यायालय परिसर में अप्रैल कूल वृक्षारोपण अभियान चलाया गया





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आज सिरोंज न्यायालय परिसर में अप्रैल कूल एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया गया अप्रैल कूल अभियान के अंतर्गत आज न्यायालय परिसर सिरोंज स्थित न्याय वाटिका में अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री अपूर्वा ताम्रकार एवं सुश्री अंकिता जैन तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी एडवोकेट अभिभाषक संघ के सचिव पीयूष चैरसिया एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव घनश्याम शरण त्यागी प्रकाश शर्मा रामस्वरूप यादव कृष्णानंद शर्मा नीरज श्रीवास्तव रितेश अग्रवाल अशोक शर्मा राजकुमार शर्मा मदन मोहन गुजराती अमरचंद अग्रवाल कृष्ण गोपाल नगीना अमित रघुवंशी जाहिद खान मुस्ताक खान गोरी सहित सिरोंज अभिभाषक संघ के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया इस वृक्षारोपण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए सिरोंज अभिभाषक संघ के सदस्यों ने न्याय वाटिका में अप्रैल कूल में लगाए गए पौधों की देखरेख एवं परवरिश का जुम्मा लिया है अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायपालिका ने भीषण गर्मी में एक-एक पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है इस अप्रैल कूल मैं रोपे गए पौधे पर्यावरण की दृष्टि से मानव जीवन के लिए अत्यंत लाभदायक रहेंगे न्याय वाटिका में लगे पौधों की देखरेख और परवरिश का जुम्मा अधिवक्ताओं का रहेगा।

**मेट्रो एंकर**

### एसडीएम न्यायालय से हुआ आदेश पारित

# ग्राम पंचायत महादेवखेड़ी की 4 अप्रैल को होगी पुनः मतगणना

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद विकास खंड की 9 पंचायत में करीबी मुकाबला होने पर कम मतों से हार जीत का निर्णय हुआ था। एक पंचायत में तो बराबर मत मिलें थे कुछ में एक दो वोट से लेकर 10 वोट की हार जीत हुई है। हर का सामना करने वाले उम्मीदवारों ने पुनः मतगणना करवाने के लिए एसडीएम न्यायालय में याचिका दाखिल की है। 1 अप्रैल को महादेवखेड़ी ग्राम पंचायत की पुनर्मतगणना करने का आदेश एसडीएम न्यायालय से हुआ। जिसके विरोध में निर्णय हुआ है उसके वकील के द्वारा कहा गया है कि 15 साल के मेरे करियर में इस तरह का निर्णय एसडीएम कोर्ट पहल हुआ है हम इस निर्णय के विरोध में वरिष्ठ कार्यालय जाएंगे अभी तक हमें निर्णय की कॉपी भी नहीं मिल पाई है जहां से कॉपी मिली थी वहां का बाबू दोपहर में तबीयत खराब होने के कारण छुट्टी पर चला गया है। एसडीएम हर्षल चैधरी ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे शिवसिंह की याचिका पर यह फैसला सुनाया है। मतदान केंद्र क्रमांक 209 पर डाले गए मतों में और गणना में हुए मतों में 53 वोटो का अंतर होने पर एसडीएम न्यायालय से पुनः मतगणना का आदेश जारी किया गया है। आगामी 4 अप्रैल को एसडीएम न्यायालय में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी यह कार्य एसडीएम की मौजूदगी में होगा। जिसमें तहसीलदार संजय चैरसिया के साथ जनपद पंचायत के सहायक यंत्री एनपी मैहर एवं निर्वाचन शाखा में पदस्थ चंद्र प्रकाश व्यास प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। मतगणना की पूरी वीडियो ग्राफी कराई जाएगी वही सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद करने के लिए जनपद सीईओ को भी पत्र लिखा गया है।

एसडीएम द्वारा आदेश पारित करने के बाद से समूचे सिरोंज ब्लॉक में चर्चा तेज है याचिका है तो हर बार चुनाव के बाद लगती है पर अधिकांश एसडीएमओ के द्वारा इस तरह के मामलों में डिसीजन नहीं दिया जाता है। इस वजह से लोग कोर्ट जाते हैं वहां से भी काफी समय लग जाता है वहां से निर्णय होने पर ही स्थानीय प्रशासन पुन मतगणना करवाता है। एडवोकेट श्रीराम दांगी ने बताया कि उन्हें सिरोंज तहसील में वकालत करते करीब 15 वर्ष से अधिक का समय हो गया है, अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय से इस तरह के मामले में पहला आदेश हुआ है जिसमें किसी ग्राम पंचायत की पुनर्मतगणना एसडीएम न्यायालय के द्वारा कराई जाएगी हम इसको वरिष्ठ न्यायालय में चुनौती देंगे, हालांकि हमें अभी आदेश की नकल प्राप्त नहीं हुई है। हमने नकल का आवेदन लगाया था, लेकिन नकल देने वाले कर्मचारी की तबीयत खराब होने का बात कह कर दोपहर में कार्यालय से चले गए। जिसकी वजह से हमें नकल प्राप्त नहीं हो पाई है। आदेश की नकल मिलते ही हम वरिष्ठ न्यायालय में इसे चुनौती देंगे। उल्लेखनीय है कि विकास खंड के महादेवखेड़ी ग्राम पंचायत में हुए पंचायत चुनाव में कमलेश पाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवसिंह को दो मतों से चुनाव हराया था। इस मामले में निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे शिवसिंह ने एसडीएम न्यायालय सिरोंज में वाद दाखिल कर पुनर्मतगणना की मांग की थी। जिसके आधार पर एसडीएम हर्षल चैधरी के न्यायालय ने पुनर्मतगणना का आदेश जारी करते हुए 4 अप्रैल दोपहर 11 बजे तहसील कार्यालय में पुनर्मतगणना कराने का आदेश दिया है।




गौरतलब है कि वर्ष 2022 में हुए पंचायत चुनाव में महादेवखेड़ी के सरपंच पद पर कमलेश पाल अपने निकटतम प्रत्याशी शिवसिंह को दो मतों से हराकर विजयी घोषित किए गए थे। पराजित प्रत्याशी शिवसिंह ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए एसडीएम न्यायालय में दोबारा मतगणना कराने की याचिका दायर की थी। बीते करीब डेढ़ साल से अधिक समय से एसडीएम कोर्ट में इस वाद की सुनवाई चल रही थी। बीते सोमवार को याचिका पर अपना फैसला देते हुए एसडीएम हर्षल चैधरी ने 4 अप्रैल को दोबारा मतगणना कराने के आदेश दिया है।

53 वोट को बनाया फैसले का आधार - कई पेज का आदेश एसडीएम न्यायालय के द्वारा पारित किया गया है। जिसमें आदेश का मुख्य आधार 53 वोट माना गया है। जो मतदान केंद्र 209 पर डाले गए मातो की संख्या निरस्त हुए मतों के बाद भी अंतर आ रहा है। इस वजह से एसडीएम न्यायालय के द्वारा पुनः मतगणना करने का आदेश पारित किया है। मतदान केंद्र क्रमांक 210 पर कुल 591 मत डाले गए थे, जिनमें से 565 मत विधिमान्य किए गए हैं एवं 26 मत निरस्त किए गए हैं।

अभी 8 ग्राम पंचायतों की पुनरू मतगणना संबंधी याचिकाएं लम्बित - विकासखंड की 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद की पुनः मतगणना संबंधी याचिकाएं न्यायालय के समक्ष विचाराधीन थी, जिसमें सोमवार को ग्राम पंचायत महादेव खेड़ी के मामले में एसडीएम ने पुनरू मतगणना का आदेश भी जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद से अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच पद की पुनरू मतगणना की याचिकाकर्ताओं को शीघ्र सुनवाई की उम्मीद जगने लगी है।अभी ग्राम पंचायत गुलाबगंज, बरेज, सालपुर कला इकलौद, ललितपुर, भौंरा, सरेंखों, सब्दलपुर में पुनः मतगणना की याचिकाएं एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन सभी याचिकाकर्ताओं में भी शीघ्र न्याय की उम्मीद जग गई है। हालांकि अब देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इन पंचायतों के भी कब आदेश जारी हो पाते हैं। दूसरी ओर ग्राम पंचायत सब्दलपुर ताल में हाई कोर्ट से स्थानांतरण आदेश होने से इस पर आदेश पारित एसडीएम न्यायालय से नहीं हो पाएगा। दोनों मतदान केंद्र पर 1060 वोट डाले एक में अंतर मतदान केंद्र क्रमांक 209 महादेव खेड़ी में चुनाव के दौरान कुल 469 वोट डाले गए थे। जिसमें ब्रजमोहन शर्मा को 156, कमलेश पाल को 41, शिवसिंह को 145, श्री राम को तीन एवं विक्रम सिंह को 115 वोट मिल थे, वही 9 वोट निरस्त हुए थे।

**इनका कहना है -**

*महादेवखेड़ी ग्राम पंचायत की पुनर्मतगणना का आदेश पारित किया गया है। निश्चित तिथि 4 अप्रैल को मेरे न्यायालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुनः मतगणना का कार्य संपादित करवाया जाएगा। वीडियोग्राफी भी करेंगे जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है। सभी पक्षों को पत्र जारी कर सूचना दे दी गई है।*

***हर्षल चैधरी,*** *एसडीएम सिरोंज*



# तीरंदाजी विश्व कप: पहला चरण 21 से 28 अप्रैल तक चाइना के शंघाई में

## चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहीं दीपिका कुमारी

**सोनीपत, एजेंसी**

सोनीपत में ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप के पहले दो चरणों के लिए 16 सदस्यीय टीम और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम की घोषणा की गई। तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए आयोजित हुए भारतीय महिला रिकर्व चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

आपको बता दें कि आगामी तीरंदाजी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए एक अस्थाई टीम तैयार करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल के बाद तीरंदाजी विश्व कप 2024 के पहले दो चरण के लिए 8 रिकर्व और 8 कंपाउंड तीरंदाज समेत कुल 16 तीरंदाजों का चयन किया गया है।

रिकर्व तीरंदाजी में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारत की 8 सदस्यीय अस्थाई टीम की घोषणा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण के तीरंदाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक संजीव सिंह ने पीटीआई से कहा, यह (रिकर्व) टीम अस्थाई है (ओलंपिक के लिए), और हम विश्व कप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं। मां बनने के बाद वापसी कर रही दीपिका कुमारी सोनीपत में एशियाई खेल 2023 से पहले हुए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहीं थी। कमोलिका बारी ने भी तीरंदाजी विश्व कप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बगदाद में होने वाले एशिया कप के लिए जनवरी में कोलकाता में हुए चयन ट्रायल में भी दीपिका ने शीर्ष स्थान हासिल किया था। साल 2022 में मां बनने के बाद, वापसी करते हुए दीपिका ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय इवेंट के व्यक्तिगत वर्ग समेत टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। इस बीच, तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का अब तक का एकमात्र कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुष रिकर्व प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान ने पुरुष रिकर्व टीम में जगह बनाई। गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी इवेंट में मौजूदा महिला विश्व चैंपियन अदिति स्वामी और अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा ने टीम में अपना स्थान पक्का किया। तीरंदाजी विश्व कप 2024 का पहला चरण 21 से 28 अप्रैल तक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शंघाई में आयोजित किया जाएगा। जबकि रिपब्लिक ऑफ कोरिया का येचिओन 21 से 26 मई तक दूसरे चरण की मेजबानी करेगा। पहले दो चरणों में तीरंदाजों के प्रदर्शन के आधार पर 18 से 23 जून तक अंताल्या में होने वाले विश्व कप के तीसरे चरण के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अंताल्या मीट रिकर्व तीरंदाजों के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट होगा।

### एक टिकट 1.86 करोड़ का, भारत-कनाडा मैच के टिकट की कीमत भी दोगुनी

# अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होगा टी-20 वर्ल्ड कप

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में टी-20 वर्ल्ड कप होना है। टूर्नामेंट में 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में लीग मैच होना है। यह मैच पहले ही सोल्ड आउट हो चुका है। यानी इसके सारे टिकट बिक चुके हैं। अब कुछ री-सेल वेबसाइटों पर मुकाबले के टिकट 1.86 करोड़ रुपए तक में बिक रहे हैं। अमेरिका की न्यूज वेबसाइट ङ्मटुडे के मुताबिक स्टबहब और सीटगीक जैसी वेबसाइटों पर भारत-पाक मैच की री-सेल टिकटें लाइव हो गई हैं। स्टबहब पर सबसे सस्ते टिकट की कीमत इस समय 1,259 अमेरिकी डॉलर यानी 1.04 लाख रुपए है। वहीं सीटगीक पर सबसे महंगे टिकट का दाम 1 लाख 75 हजार डॉलर है। इसमें 50,000 डॉलर की फीस एड करके टिकट कुल 2 लाख 25 हजार डॉलर का है। भारतीय करेंसी में यह रकम 1.86 करोड़ रुपए होती है। री-सेल टिकट उन टिकटों को कहा जाता है जिसे ऑफिशियल मीडियम से किसी ने खरीद रखा है और फिर इसे अन्य प्लेटफॉर्म पर बेच रहा हो। अमेरिका में इस तरह टिकट बेचना कानूनी रूप से मान्य है।



भारत बनाम पाकिस्तान मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### अमेरिका में पहली बार होगा आईसीसी टूर्नामेंट

अमेरिका को पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। 2028 के ओलिंपिक गेम्स भी अमेरिका में ही होंगे, जिसमें क्रिकेट भी शामिल किया गया है। इस इवेंट को देखते हुए आईसीसी ने अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप कराने को प्राथमिकता दी। अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज में भी टी-20 वर्ल्ड कप होगा, यहां 2010 का टूर्नामेंट भी खेला गया था। पिछला वर्ल्ड कप 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 2022 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। तब भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से ही हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने 2007 में पहली बार हुए टूर्नामेंट का ही खिताब अपने नाम कर लिया था। तब से टीम एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी।

### भारत और पाकिस्तान के सभी लीग मैच अमेरिका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के दो मुकाबलों के टिकट सोल्ड आउट हो चुके हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा भारत-कनाडा मुकाबला भी शामिल है। भारत के शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क में खेले जाएंगे। चौथा मैच फ्लोरिडा में होगा। भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मैचों के साथ-साथ 15 जून को फ्लोरिडा में होने वाले कनाडा और भारत के बीच मैच के भी टिकट बिक चुके हैं। फ्लोरिडा में इन्हें उनकी मूल कीमतों से कम से कम दोगुने दाम पर बेचा जा रहा है।

### वेस्टइंडीज में 41, अमेरिका में 14 मैच

टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के 6 शहरों में कुल 41 मुकाबले होंगे, यहीं तीनों नॉकआउट मैच भी होंगे। जबकि अमेरिका के न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास शहर में बाकी 14 मुकाबले होंगे। वेस्टइंडीज के 6 शहर त्रिनिदाद, गुयाना, बारबाडोस, एंटीगुआ, सेंट विंसेंट और सेंट लुसिया हैं।

### एक ग्रुप से 2 टीमें सुपर-8 में जाएंगी

ग्रुप-ए की तरह ही ग्रुप बी, सी और डी में भी 5-5 टीमें हैं। सभी टीमें अपने ग्रुप में 4-4 मैच खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के आखिर में पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें सुपर-8 स्टेज में जाएंगी। इस स्टेज में 8 टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल खेले जाएंगे।

### आईपीएल: विशाखापट्टनम में पहली बार सामना

# दिल्ली ने कोलकाता को पिछले तीनों मुकाबलों में हराया




**विशाखापट्टनम, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में आज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से होगा। मैच विशाखापट्टनम के डॉ राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। पहले खिताब का इंतजार कर रही दिल्ली ने दो बार की चैंपियन कोलकाता को पिछले 3 आईपीएल मैच हराए हैं। दिल्ली के खिलाफ कोलकाता को आखिरी जीत 2021 में मिली थी, उसके बाद दोनों के बीच तीन मुकाबले खेले गए, तीनों में कोलकाता को हार मिली।

**दिल्ली पहले दो घरेलू मैच विशाखापट्टनम में खेलेगी:** डीसी अपने पहले दो घरेलू मैच विशाखापट्टनम में खेलेगी। दिल्ली का होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम है, लेकिन यहां 17 मार्च तक विमेंस प्रीमियर लीग के मैच खेले गए, इस कारण स्टेडियम को आईपीएल मैच के लिए तैयार करने के लिए वक्त नहीं मिल सका। इसी वजह से दिल्ली ने शुरुआती दो मैच के लिए विशाखापट्टनम को होम ग्राउंड बनाने का फैसला किया।

आईपीएल में दिल्ली और कोलकाता के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है। दोनों के बीच अब तक कुल 32 मैच खेले गए, 16 में कोलकाता और 15 में दिल्ली को जीत मिली। विशाखापट्टनम में दोनों टीमें पहली बार ही आमने-सामने होंगी। 17वें सीजन में कोलकाता का यह तीसरा मैच होगा। टीम ने दोनों शुरुआती मैच जीते। ञ्चयञ्कने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दूसरे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया। टीम के लिए ओपनर फील सॉल्ट ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके नाम 2 मैच में 84 रन हैं। गेंदबाजों में हर्षित राणा टीम के लिए सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# शाहरुख खान के बेटे आर्यन के साथ जुड़ा एक्ट्रेस लैरिसा बोन्सी नाम

शाहरुख खान के लाडले बेटे आर्यन खान की लव लाइफ इन दिनों चर्चा में हैं। उनका नाम एक्ट्रेस और ब्राजीलियन मॉडल लैरिसा बोन्सी के साथ जुड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आर्यन खान और लैरिसा बोन्सी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि इसकी किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन शाहरुख खान के बेटे के साथ नाम जुड़ने वाली लैरिसा बोन्सी आखिर कौन हैं?

### अक्षय-जॉन के साथ कर चुकी हैं काम

लैरिसा बोन्सी एक ब्राजीलियाई मॉडल और डांसर हैं। उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ ब्लॉकबस्टर गाने 'सुबह होने न दे' के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके अलावा टाइगर श्रॉफ, सूरज पंचोली के साथ कुछ म्यूजिक वीडियो एल्बम भी किए हैं। वह सिर्फ एक अच्छी डांसर ही नहीं, बल्कि एक उम्दा कलाकार भी हैं। लैरिसा बोन्सी साउथ में भी काम कर चुकी हैं। लैरिसा बोन्सी ने टॉलीवुड इंडस्ट्री में 'नेक्स्ट एनी' और 'थिक्का' जैसी फिल्मों में काम किया है।




### गुरु रंधावा के गानों में नजर आई

लैरिसा बोन्सी मशहूर सिंगर गुरु रंधावा और टोनी कक्कड़ के गानों में जलवा बिखेर चुकीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हाल ही में आर्यन खान को लैरिसा बोन्सी के साथ एक इवेंट में देखा गया था। इसमें दोनों साथ में दिखाई दिए। आर्यन इंस्टाग्राम पर लैरिसा और उनके पूरे परिवार को फॉलो करतें हैं और लैरिसा भी आर्यन की मां गौरी खान, पिता शाहरुख खान और बहन सुहाना खान को फॉलो करतीं हैं। लैरिसा की मां के जन्मदिन पर आर्यन ने उन्हें अपने ब्रांड D'YAV O से एक तोहफा भी भेजा था, जिसे लैरिसा की मां ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में पोस्ट किया था।

## अजय के बर्थडे पर 'मैदान' का प्रचार करते दिखे अक्षय कुमार

अजय देवगन अपना जन्मदिन मना रहे हैं। फैंस सहित फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने उन्हें इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर बधाइयां दी हैं। इस लिस्ट में अब अक्षय कुमार का नाम भी शामिल हो गया है। खिलाड़ी कुमार ने अजय को उनके जन्मदिन पर अलग अंदाज में शुभकामनाएं दी हैं। सूर्यवंशी में अजय के साथ काम कर चुके अक्षय ने एक्स पर अभिनेता को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान वे उनकी फिल्म मैदान का प्रचार करते हुए भी दिखे। अभिनेता ने लिखा, आपके लिए हमेशा मेरी यही शुभकामनाएं हैं, कर हर मैदान फतह...जन्मदिन मुबारक हो भाई। अक्षय की यह पोस्ट फैंस के दिल जीत रहा है। इस पोस्ट के बाद लोग सोशल मीडिया पर अपनी अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, लोग बेकार में ही यह सोच रहे थे कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके अलावा और भी कई यूजर्स कमेंट कर दोनों की दोस्ती की तारीफ कर रहे हैं। अजय की मैदान और अक्षय की बड़े मियां छोटे मियां एक ही दिन 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं।



# जब शर्मिला टैगोर के पास किराया देने तक के नहीं थे पैसे, पांच हजार थी पहली सैलरी



मशहूर अदाकारा और सैफ अली खान की मां शर्मिला टैगोर की गिनती 70 के दशक में बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती थीं. दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है. अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत सत्यजीत रे की 1960 की फिल्म देवी से की थी. इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दीं. हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उन्हें उनकी पहली फिल्म के लिए 5,000 रुपये मिले थे और उन्होंने उस पैसे से बहुत सारा सोना खरीदा था. शर्मिला ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के बारे में भी खुलकर बात की. एक्ट्रेस ने कहा, मैंने लाइफ में बहुत पहले ही काम करना शुरू कर दिया था, हालांकि फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है लेकिन फिर भी, चीजों की कीमत इतनी अधिक नहीं थी. शर्मिला ने आगे अपनी पहली फिल्म के लिए अपने स्ट्रगल के बारे में खुलासा किया और कहा कि उनके पिता कोई पैसा लेने में दिलचस्पी नहीं रखते थे, फिर भी उन्होंने मुझे एक साड़ी दी, उन्होंने मुझे एक घड़ी दी. तो तुरंत, एक बंगाली परिवार होने के नाते हम सोने की दुकान पर गए. हमने चूड़ियां खरीदीं.

### पांच हजार थी पहली सैलरी

शर्मिला टैगोर ने कहा कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10,000-15,000 रुपये मिलते थे, लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25,000 रुपये मिले थे. उनकी पहली हिंदी फिल्म 1964 की 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था. शर्मिला टैगोर ने याद किया कि उन्हें दोनों फिल्मों के लिए 25,000 रुपये मिलने थे, लेकिन सामंत ने उन्हें दूसरी फिल्म के लिए पैसे देने के बजाय जमीन देने को कहा. तो मैंने कहा, 'क्या तुम पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं?.'



## मेट्रो बाजार

# कच्चा तेल 88 डॉलर के पार, कीमतें छह माह में सर्वाधिक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक पर ड्रोन से हमला किया। हालांकि, इस हमले से रिफाइनरी की प्राथमिक तेल शोधन इकाई प्रभावित हुई है। प्रभावित इकाई संयंत्र की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.40 लाख बैरल प्रतिदिन का आधा हिस्सा है। आपूर्ति संबंधी दिक्कतों की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 88 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। यह अक्तूबर, 2023 के बाद इसका छह महीने का उच्च स्तर है। रूस की तेल इकाइयों पर यूक्रेन के हमलों व मध्य पूर्व देशों में बढ़ रहे संघर्षों के कारण तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतें 1.29 डॉलर बढ़कर 88.71 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.30 डॉलर बढ़कर 85.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। दरअसल, यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक पर ड्रोन से हमला किया। हालांकि, इस हमले से रिफाइनरी की प्राथमिक तेल शोधन इकाई प्रभावित हुई है। प्रभावित इकाई संयंत्र की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.40 लाख बैरल प्रतिदिन का आधा हिस्सा है। शीर्ष तीन वैश्विक तेल उत्पादकों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक रूस तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेनी हमलों से जूझ रहा है। इसके जवाब में उसने यूक्रेनी ऊर्जा इन्फ्रा ढांचे पर हमले बढ़ा दिए हैं। ओपेक सदस्य दूसरी तिमाही के अंत तक 22 लाख बैरल प्रतिदिन की वर्तमान स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को बनाए रख सकते हैं। ओपेक के तेल उत्पादन में पिछले महीने 50,000 बैरल प्रतिदिन की गिरावट देखने को मिली थी।



इससे स्वैच्छिक कटौती का कुछ प्रभाव पड़ता दिख रहा है। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा, वह सीरिया की राजधानी दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास के खिलाफ संदिग्ध इस्रायली हवाई हमले के लिए जवाबी कार्रवाई करेगा। इस्रायल गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध में है। इससे भी तेल की कीमतों में आगे उछाल आने की आशंका है।

# सोना 50 रु. फिसला, चांदी 430 रु. उछली

**मुंबई, एजेंसी**

सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 50 की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इस दौरान चांदी की कीमत 430 रुपए की तेजी के साथ 79,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बाद दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले सत्र में सोना 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 430 रुपए की तेजी के साथ 79,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर स्पॉट गोल्ड का भाव दो डॉलर की गिरावट के साथ 2,255 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। पिछले सत्र में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, मंगलवार को सोने की कीमतें थोड़ी पीछे हट गईं, क्योंकि व्यापारियों ने ठोस अमेरिकी विनिर्माण आंकड़ों के बाद ब्याज दरों को कम करने के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले पर संदेह करना शुरू कर दिया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, इस बीच अमेरिकी डॉलर सूचकांक पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी का भाव 25.55 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। चांदी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान 25.13 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा कि व्यापारियों के अनुसार सर्राफा बाजार की कीमतें सकारात्मक रूप से ऊपरी स्तरों पर बनी रहेंगी। उनका अनुमान है कि कॉमेक्स स्पॉट गोल्ड में 2,270 डॉलर के स्तर को पार करने के बाद तेजी का रुख फिर से शुरू होगा।

# बाघ शिकार: एक महीने बाद भी सुराग मिला न शिकारी

## बाघ के शव को बुरी तरह नुकसान पहुंचाकर नदी में बहाया था

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बालाघाट के जंगल में जिस बाघ की निर्दयता से शिकार कर शव नदी में बहाया था, उस मामले में अब तक वन विभाग को कोई सुराग मिला न ही शिकारी मिले है। संदेहियों के आधार पर पूछताछ का दौर चल रहा है। वह भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। मामला एक महीने पुराना हो रहा है। वन विभाग की निष्क्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शिकारी वन विभाग के अफसरों से कितने अपडेट है शातिर है, जिन्होंने शिकार तो किया लेकिन सबूत भी नहीं छोड़े। उल्लेखनीय है कि बाघ का शव तुमड़ीटोला परिक्षेत्र से होकर बहने वाली चंदन नदी में मिला था। इस क्षेत्र की सुरक्षा व रखवाली की जिम्मेदारी वन विकास निगम बालाघाट की है। प्राथमिक पोस्ट मार्डम रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि संभवत~बाघ को करंट लगाकर मारा गया था। उसके शरीर के अंदरुनी हिस्से जले हुए प्रतीत हो रहे थे। कुछ अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अंदरुनी हिस्से जल गए थे। संभवत~इसी के कारण मौत हुई है।



### अधिकारियों की नाक के नीचे सब कुछ होता रहा, पर भनक नहीं लगी

घटना की भयावहता और शव की स्थिति के आधार पर तय हो गया था कि बाघ का शिकार करने के लिए लंबे समय से शिकारी योजना बना रहे थे और उसके आधार पर घटना को अंजाम दिया था। वन्यप्राणी विशेषज्ञों का कहना है कि बाघ का शिकार करंट लगाकर करना, उसकी खाल उधेडऩा, अंग काटना और उसे नदी में फेंकना, यह करना आसान नहीं होता। इसके लिए शिकारियों ने कई महीने पहले से तैयारियां की होंगी, उसके बाद घटना को अंजाम होगा। शिकार के बाद बाघ की खाल उतारने, उसके अंग काटने और उसे नदी में फेंकने जैसे अवैध कारनामों में कई दिन लगे होंगे। जब बालाघाट के जंगल में इतना सबकुछ होता रहा तब भी और क्षेत्रीय अधिकारियों व अमले को भनक तक नहीं लगी। विशेषज्ञों के मुताबिक यह वन क्षेत्रों में सतर्क रहने में लापरवाही तो है ही, साथ ही बालाघाट जैसे वन वाले क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों के पास खुफिया तंत्र को भी विकसित नहीं करने का मामला है।

### अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की

# हजारों की अवैध शराब के साथ एक दर्जन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के चलते भोपाल पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। नगरीय पुलिस जिला भोपाल ने हजारों रुपये की अवैध शराब के साथ एक दर्जन से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार निशातपुरा पुलिस ने बीती रात नवाब कालोनी में रहने वाले वाहिद के पास से 60 हजार की अवैध शराब जब्त की, वहीं देवकी नगर में शुभम वंशकार से 8 हजार की अवैध शराब जब्त हुई। कोहेफिजा पुलिस ने लालघाटी के पास हेमंत और मनीष से 25 हजार और सिंगार चोली के पास रिंकू यादव से 17 सौ रुपए की अवैध शराब जब्त की। इधर छोला मंदिर पुलिस ने बिहारी कालोनी में अर्जुन ऊंटवाल से 39 हजार रुपए और टिम्बर मार्केट में मुकेश गौड़ से 1400 रुपए की शराब जब्त की। गांधी नगर पुलिस ने आशाराम तिराहे पर किशनचंद और भीमराव से 33 सौ रुपए तथा बैरागड़ पुलिस ने सीहोर नाका पर धर्मेंद्र मालवीय और महेश से 11 हजार रुपये, हितेश महावर से 2750 रुपए और राजकुमार से 6500 रुपए की अवैध शराब जब्त की। खजूरी सड़क पुलिस ने फंदा स्थित पंजाबी ढाबा के पास सोनू कुशवाह से डेढ़ हजार रुपए, पीसी नगर हबीबगंज में श्रीकांत से डेढ़ हजार रुपए, रातीबड़ में पीयूष दोहरे से 2880 रुपए, बागसेवनिया में विपिन ठाकुर से 1400 रुपए, कटारा हिल्स में दिनेश चौधरी से 1300 रुपए और तलैया पुलिस ने मछली मार्केट पर अवैध रूप से शराब लेकर घूम रहे साकिर खां से 2250 रुपए की शराब जब्त की है।




**इधर देहाज** जिले में नजीराबाद पुलिस ने ग्राम बहरावल जोड़ के पास बाबूलाल अहिरवार से 1500 रुपए, ईंटखेड़ी पुलिस ने ग्राम कनेरा के पास जमना प्रसाद से 1260 रुपए, गुनगा पुलिस ने पचौरी पेट्रोल पंप के पास सुनील नागर से 2000 रुपए और ग्राम हर्राखेड़ा जोड़ के पास मनोज गुर्जर से 1750 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## गांजा तस्कर से 400 ग्राम गांजा जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 400 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत पांच हजार रुपए है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि विवेकानंद कॉलोनी निशातपुरा में एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 400 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी की पहचान शाहबाज खान पिता रशीद (26) निवासी करोंद के रूप में की गई। पुलिस आरोपी से गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है।

### शाहपुरा में मंत्री पुत्र का कारनामा

# वीडियो के आधार पर मंत्री के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की एफआईआर के आसार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा थाने में मंत्रीपुत्र के हंगामे और मंत्री का वीडियो डीसीपी ने जांच रिपोर्ट में शामिल किया है। उक्त जांच रिपोर्ट कमिश्नर कार्यालय पहुंच गई है। अब इंतजार हैं कि कमिश्नर उक्त मामले में क्या कार्रवाई करेंगी। पुलिस सूत्रों की माने तो एक वीडियो में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल पुलिस का पट्टा हाथ में लेकर घूमते नजर आए हैं। दरअसल, इसी पट्टे से चार पुलिसकर्मियों के द्वारा मंत्री के बेटे अभिज्ञान पटेल से पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी। मंत्री पटेल ने इसे दुखद बताया है। उनका कहना है कि थाने में पुलिस को मारपीट का अधिकार नहीं है। पुलिस कार्रवाई कर सकती है, लेकिन गुंडागर्दी नहीं। बेटे द्वारा रेस्टोरेंट संचालक और पत्रकार के साथ हुई गुंडागर्दी पर वह चुप्पी साधे बैठे है। थाने में जिस पट्टे को लेकर मंत्री पटेल घूमते नजर आए है। यही पट्टा उनके लिए मुसीबत बन सकता है। उक्त वीडियो के आधार पर पुलिस उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण भी दर्ज कर सकती है, लेकिन अब कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र की अंतिम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई हो सकेगी।

### दबाव में एफआईआर में काफी कुछ नहीं लिखा

पुलिस ने एफआईआर में मारपीट करने वाले अभिज्ञान पटेल को आरोपी बनाया गया है, उसके पिता का नाम, घर का पता एफआईआर में पुलिस ने दर्ज नहीं की। विवाद की सूचना पर शाहपुरा थाने पहुंचे स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अभिज्ञान पटेल को अपना बेटा बताया था। अभिज्ञान ने भी खुद को मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का बेटा बताते हुए पुलिस को धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस ने देर रात मामले में एफआईआर दर्ज की थी, बावजूद एफआईआर में अभियुक्त के कॉलम में पूरी जानकारी पुलिस की तरफ से नहीं भरी गई। सिर्फ अभियुक्त में अभिज्ञान पटेल लिखा गया है। उपनाम, रिश्तेदार का नाम का कॉलम खाली छोड़ दिया गया है। इसके अलावा वर्तमान पता के कॉलम को खाली छोड़ दिया गया। भोपाल शहरी मध्यप्रदेश, भारत लिख दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसपर नाराजगी भी जताई है।

# जिला बदर का उल्लंघन करते मिलने पर रासुका की कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। उस पर 16 अपराध दर्ज है। उसे एक साल तक राजधानी और आसपास के जिलों से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी इलाके में घूम रहा था। एसआई अंकित बघेल ने बताया कि सौदान सिंह मदन लाल अहिरवार (40) मकान नंबर 812, मस्जिद के पास शाहपुरा में रहता है। उसके खिलाफ 16 अपराध दर्ज है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उस पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। 1 जनवरी 2024 से 1 जनवरी 2025 तक उसे भोपाल और आसपास के जिलों से दूर रहने की हिदायत दी गई। बावजूद इसके दो महीने यहां वहां रहने के बाद वह 11 सौ क्वार्टर में घूमते हुए नजर आया। हबीबगंज पुलिस को सौदान सिंह के 11 सौ क्वार्टर में रहने की सूचना मिली थी। लिहाजा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया।

### पुलिस आयुक्त न्यायालय ने 25 बदमाशों को किया जिलाबदर

आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर के कुल 25 आदतन अपराधियों और गुंडे-बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा जिन बदमाशों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, उनके खिलाफ विभिन्न थानों में संगीन अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक निजामुद्दीन उर्फ बंटू, प्रकाश वाघमारे, रोहित सोनी, शिवम उर्फ शुभम रैकवार, आबिद उर्फ चिकना, समीर उर्फ छोटा कल्लू, विजय विश्वकर्मा उर्फ चीला, सौरभ पाल, दीपक तेजी, वहीद खान, रकीब कुरैशी उर्फ बराती, आशू उर्फ अंडा, दीपेश यादव, दिनेश कुंडेलकर,विशाल कुचबंदिया और गोलू उर्फ अरविंद बारेसा के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्राइसिकल पर भीख मांगकर गुजारा करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे प्रभात चौराहा से रत्नागिरी चौराहा के बीच गत 26 मार्च को स?क से एंबुलेंस एम्स लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान कल मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। गोविंदपुरा पुलिस को मर्ग की सूचना मिली और वह एम्स पहुंची थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है? कि प्रभात से रत्नागिरी चौराहा तक तीन थाना क्षेत्र लगते हैं। मृतक के साथ किस जगह घटना हुई?उसकी जांच की जा रही है।



पुलिस के अनुसार विक्की वासुदेव पिता परमानंद वासुदेव (32) शिव नगर, फेस टू में रहता था। उसका एक पैर कटा था। दिव्यांग विक्की ट्राइसिकल के सहारे भीख मांगताथा और गत 26 मार्च को प्रभात से रत्नागिरी की तरफ जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ी और एंबुलेंस उसे एम्स लेकर पहुंची थी। एम्स में उसकी मंगलवार शाम मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भर्ती कराने के बाद से ही विक्की को होश नहीं आया था और डॉक्टर ने पुलिस को सूचना नहीं दी। उसकी मौत कैसे हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हो सकेगा।

## बाथरूम में गिरकर घायल हुए युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चक्कर आने पर बाथरुम में गिरकर घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिसरोद पुलिस के मुताबिक राहुल शर्मा (32) पृथ्वी कोर्टयार्ड में परिवार के साथ रहता था। दो दिन पहले 31 मार्च को वह बाथरूम में चक्कर आने के कारण गिर गया था। राहुल को इलाज के लिए मंडीदीप के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। मंडीदीप पुलिस ने जीरो पर कायमी करने के बाद मर्ग की डायरी मिसरोद थाने में भेजी थी। मिसरोद पुलिस ने डायरी मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** सेवाकाल के दौरान की घटनाओं एवं पलों को सभी के साथ साझा किया।

# पुलिस विभाग: सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल पुलिस में लंबे सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हुए 9 अधिकारियों और कर्मचारियों की विदाई के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त सभी अधिकारियों को उपहार एवं श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उनके स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान की महत्वपूर्ण घटनाओं एवं पलों को सभी के साथ साझा किया। इसके साथ ही माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के सपोर्ट/सहयोग को याद करते हुए भोपाल पुलिस तथा मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त स्वाति मुराव, सेवानिवृत्त अधिकारी व उनके परिजन एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




### यह हुए सेवानिवृत्त

**मंगलवार को उप निरीक्षक हरिसिंह कनौजिया, कार्यवाहक उपनिरीक्षक महेंद्र पुरी, इंदर सिंह चौहान, ज्ञान सिंह, रामकरण सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शिवकुमार तिवारी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक भगवान दास सिलावट, राम रतन वर्मा और मोहन सिंह सोलंकी को उनकी सेवनिवृत्ति पर विदाई दी गई।**

## ट्रैफिक पुलिस ने आईपीएस स्कूल के वाहन चालकों को किया जागरूक

भोपाल। ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को आईपीएस स्कूल में यातायात जागरूकता संबंधी सेमीनार का आयोजन किया। इस दौरान आईपीएस स्कूल के लगभग 100 चालक और परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त जोन-2 मिलन जैन, स्कूली स्टाफ एवं सहयोगी यातायात स्टाफ मौजूद रहा। यातायात टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित चालक और परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही उनका पालन करने की अपील की। आम जनता से भी ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन कर ट्रैफिक व्यवस्था में बनाने में सहयोग करें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात के दूरभाष नंबर 0755-2677340, 2443850 अथवा मोबाइल नंबर 7587602055 पर संपर्क कर सकते हैं।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022